# अष्टादश

# बिहार विधान सभा

## तृतीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि $\frac{\text{02 श्रावण, 1948 (श०)}}{\text{24 जुलाई, 2026 (ई०)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 210**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ऊर्जा विभाग | .. | .. | 71 |
| (2) | स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 97 |
| (3) | पर्यटन विभाग | .. | .. | 24 |
| (4) | आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 15 |
| (5) | योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 01 |
| (6) | संसदीय कार्य विभाग | .. | .. | 02 |
| | | | कुल योग -- | 210 |

औचित्य बतलाना

*512. श्री भाई बिरेंद्र (क्षेत्र संख्या-187 मनेर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम डिग्रीधारी (आर०बी०एस०के०) के डिप्लोमा फार्मासिस्ट को बिहार सरकार के नई नियमावली, 2024 में शामिल किया गया, परंतु फार्मासिस्ट (डिग्रीधारियों) को इस नियमावली से बाहर रखा गया जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2024 में बिहार में फार्मासिस्ट के 2473 पदों पर हुयी बहाली जिसमें 1601 पद खाली रह गये, जबकि पूर्व से (2015) आर०बी०एस०के० के 181 डिग्रीधारी फार्मासिस्ट (बी फार्मा) राज्य सरकार में संविदा पर कार्यरत हैं, यदि हाँ, तो आर०बी०एस०के० के वर्ष 2015 से संविदा पर कार्यरत 181 डिग्रीधारी फार्मासिस्ट को समायोजन कर नियुक्ति नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

-------------

लंबित वेतन भुगतान करना

*513. मो० आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के जलालगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जलालगढ़ में प्रतिनियुक्ति चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० आएशा रहमान का मातृत्व अवकाश दिनांक 20 अक्टूबर, 2021 से 17 अप्रील, 2022 तक के अवधि का वेतन भुगतान अबतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार चिकित्सक को मातृत्व अवकाश अवधि का लंबित वेतन भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पदस्थापन करना

*514. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत आदापुर प्रखंड के 17 पंचायत घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां स्थित मुख्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (CHC), आदापुर में डॉक्टरों, ड्रेसर एवं जी०एन०एम० की भारी कमी के कारण रोगियों को समुचित इलाज मिलने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में समय पर उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टरों, ड्रेसर एवं जी०एन०एम० के रिक्त पदों पर अविलंब पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जर्जर नावों को बदलना

*515. श्री अविनाश मंगलम (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के रानीगंज एवं भरगामा प्रखंड के विभिन्न घाटों, विशेषकर, रानीगंज प्रखंड के बिशनपुर पंचायत अंतर्गत सोझा घाट, काला बलुआ पंचायत अन्तर्गत बैजनाथपुर एवं पनभरनी घाट सहित अन्य स्थानों पर वर्षों से संचालित नावों की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संबंधित अंचलाधिकारी एवं पंचायत स्तर के कर्मियों द्वारा नाविकों से स्वयं नाव की मरम्मत कराने तथा बाद में विभाग से राशि दिलाने की बात कही जा रही है, जबकि अधिकांश नाविक आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर हैं और मरम्मत कराने में सक्षम नहीं हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक रानीगंज एवं भरगामा प्रखंड के सभी पुराने एवं जर्जर नावों को बदलकर बाढ़ प्रभावित घाटों पर नई एवं सुरक्षित नाव उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करना

*516. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के प्रखंड सुपौल अन्तर्गत हरदी ग्राम के अतिरिक्त

स्वास्थ्य केन्द्र, हरदी में चिकित्सक एवं मूलभूत सुविधा की कमी रहने के कारण रोगियों को दूर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिये जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या सदर अस्पताल की दूरी लगभग 20 KM रहने के कारण गर्भवती महिलाएं, वृद्धों एवं बीमार बच्चों को काफी असुविधा होती है तथा सदर अस्पताल जाने के क्रम में मृत्यु तक हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्युत कनेक्शन दिलाना

*517. श्री विशाल कुमार (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में विद्युत के नये उपभोक्ताओं को कनेक्शन देने हेतु शहरी क्षेत्र में 7 दिन और ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिन का निर्णय लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी विद्युत अंचल या विद्युत प्रमंडल के नये उपभोक्ताओं को विभाग के द्वारा संसाधन का अभाव बताकर कनेक्शन को लंबित कर अवैध वसूली एवं शोषण किया जाता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि इस संदर्भ में प्रश्नकर्ता स्वयं अध्यक्ष-सह-प्रबंध-निदेशक से मिलकर शिकायत की थी कि नरकटिया विधान सभा के बंजरिया प्रखण्डों में नये कनेक्शन हेतु पे फोन द्वारा मो०सं० 8709934346 पर पैसा वसूली किया जाता है ;

(4) यदि हाँ, तो क्या सरकार निश्चित समय-सीमा में नये उपभोक्ताओं का बिना क्रमांक तोड़े कनेक्शन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*518. श्री मौंशरीक मृणाल (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु वितरण ट्रांसफॉर्मरों की निरंतर आवश्यकता रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में ऊर्जा विभाग एवं विद्युत कंपनियों के तकनीकी मानव संसाधन का उपयोग करते हुये प्रमंडल स्तर पर विद्युत ट्रांसफॉर्मरों के निर्माण, असेंबली एवं मरम्मत की सुविधा स्थापित नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार में विद्युत ट्रांसफॉर्मरों के स्थानीय निर्माण, असेंबली एवं मरम्मत केन्द्र विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्यालय भवन का निर्माण

*519. श्री सतीश कुमार सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रामगढ़ विधान सभा अन्तर्गत प्रखंड दुर्गावती में ऊर्जा विभाग के कार्यालय का अपना कोई भवन नहीं रहने के कारण कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय के पुराने एवं जर्जर भवन में अस्थाई रूप से संचालित होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन के जर्जर होने से कभी भी हादसा होने के खतरा बना रहता है जिस कारण ऊर्जा विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम जनमानस में हमेशा भय व्याप्त रहता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि ऊर्जा विभाग के कार्यालय के लिये नये भवन निर्माण के लिये अंचलाधिकारी, दुर्गावती द्वारा जमीन भी उपलब्ध करा दिया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखंड दुर्गावती में ऊर्जा विभाग के कार्यालय के लिये नया भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

बिजली आपूर्ति की व्यवस्था

*520. श्री सिद्धार्थ पटेल (क्षेत्र संख्या-125 वैशाली)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर शहर में पर्व यथा मुहर्रम, रामनवमी, शिवरात्री के दौरान निकलने वाली जुलूस के कारण बिजली विभाग द्वारा दो-तीन दिन तक बिजली की आपूर्ति बंद कर दी जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिजली की आपूर्ति बंद होने से पूरे शहरवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिजली आपूर्ति की व्यवस्था भूमिगत करने या Covered Wire के माध्यम से करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

एम्बुलेंस उपलब्ध करना

*521. श्री राजेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-137 मोहिउद्दीननगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत मोहिउद्दीननगर हॉस्पिटल में दो एम्बुलेंस विगत कई वर्षों से जर्जर पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त हॉस्पिटल में दो एम्बुलेंस उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पावर सब-स्टेशन बनाना

*522. श्री महेन्द्र राम (क्षेत्र संख्या-27 राजापाकार (अ०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राजापाकर प्रखंड में घनी आबादी के कारण बिजली आपूर्ति की समस्या बनी रहती है, जिससे उक्त प्रखंड में एक पावर सब-स्टेशन की आवश्यकता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में पावर सब-स्टेशन कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

अस्पताल का दर्जा दिलाना

*523. श्री राजेश कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुगौली विधान सभा क्षेत्र जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सुगौली में ओ०पी०डी० लोड ज्यादा है, आई०पी०डी० (इन पेशेंट डिपार्टमेंट) से संबंधित मामले अधिक आते हैं, जबकि सुविधा का अभाव है साथ ही NH से सटे रहने के कारण अक्सर सड़क दुर्घटनाएँ से संबंधित अधिक मरीज आते रहते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि सी०एच०सी०, सुगौली विशिष्ट हॉस्पिटल बनने की सभी शर्तें पूरा करता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित सी०एच०सी० हॉस्पिटल को विशिष्ट अस्पताल का दर्जा दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

बंद पड़े घड़ी को क्रियाशील बनाना

*524. श्री कुमार प्रणय (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत मुंगेर किला, जो ऐतिहासिक धरोहर और पर्यटकीय आकर्षण का केन्द्र होने के कारण मुंगेर की पहचान के रूप में जाना जाता है, के मुख्य द्वार पर लगी घड़ी लगभग ढ़ाई वर्षों से बंद पड़ा है, जिससे इस किला की रौनक खत्म हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इस दर्शनीय धरोहर के आकर्षण को बरकरार रखने हेतु बंद पड़े घड़ी को क्रियाशील बनाते हुये उक्त किले के रंगरोगन का भी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सहायता प्रदान करना

*525. श्री राधाचरण साह (क्षेत्र संख्या-192 संदेश)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के उदवंतनगर थाना अंतर्गत कारिसाथ पंचायत के अम्मामहमंदपुर ग्राम निवासी नंदकिशोर साह, पिता-त्रिवेणी साह की मृत्यु दिनांक 05 मई, 2026 को खेत में टूटकर गिरे बिजली के तार के संपर्क में आने के कारण विद्युत स्पर्शाघात से हो गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मृतक के परिजनों को अभीतक किसी प्रकार का मुआवजा या आर्थिक सहायता नहीं दी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त घटना में मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

गोताखोर टीम की प्रतिनियुक्ति

*526. श्री सियाराम सिंह (क्षेत्र संख्या-179 बाढ़)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के बाढ़ नगर परिषद् अंतर्गत उमानाथ घाट गंगा नदी तट पर स्थित एक प्रमुख घाट है ;

(2) क्या यह बात सही है कि घाट पर प्रतिदिन सैकड़ों लोग स्थान करते हैं तथा घाट पर स्नान एवं नाव दुर्घटना के दौरान हर साल गंगा नदी में डूबने से आमजन की मृत्यु हो जाती है, 28 मई, 2026 को नाव पलटने से 7 (सात) व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाढ़ नगर परिषद् अंतर्गत उमानाथ घाट पर जान-माल की क्षति से बचाने हेतु स्थायी रूप से एस०डी०आर०एफ० की गोताखोर टीम की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*527. मो० कमरुल होदा (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के पोठिया प्रखंड अंतर्गत दामलबाड़ी में वर्ष 2024 में 8 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से पावर सब-स्टेशन (पी०एस०एस०) निर्माण का कार्य आरंभ किया गया था जिसे मार्च, 2026 तक चालू होना था लेकिन संवेदक की लापरवाही से अबतक चालू नहीं किया गया है जिसके कारण उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त में वर्णित पावर सब-स्टेशन का अविलंब निर्माण कार्य पूरा कर चालू करने एवं निर्माण कार्य में विलंब करने वाले संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*528. श्री अख्तरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत अमौर प्रखंड के पंचायत मझुवाहाट, वार्ड नं० 03, ग्राम-मझुवा कला निवासी नईमुदीन के घर दिनांक 18 फरवरी, 2024 को आगजनी की घटना हुई थी और आवासीय घर सहित अन्य घर जलकर राख हो गया था किन्तु 02 वर्ष 05 माह बीत जाने के बाद भी पीड़ित परिवार को विभाग की ओर से अबतक मुआवजा प्रदान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार इसके लिए दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुए कबतक मुआवजा भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अल्ट्रासाउंड सेवा प्रारंभ करना

*529. श्री राकेश रंजन (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर एवं बिहियां प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (CHC) में अल्ट्रासाउंड सेवा प्रशिक्षित तकनीकी कर्मचारियों के अभाव में शाहपुर, बिहियां एवं इनके आस-पास के दर्जनों गांवों के मरीजों को अल्ट्रासाउंड जांच हेतु निजी पैथोलॉजी सेंटरों पर अथवा जिला मुख्यालय (आरा) जाना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार शाहपुर और बिहियां प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बंद पड़ी अल्ट्रासाउंड सेवा को कबतक पुन: सुचारू रूप से प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

प्रतिनियुक्ति करना

*530. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के चकिया अनुमंडलीय अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ, जेनरल मेडिसिन, गायनकोलॉजिस्ट, एनेस्थिसिया एवं रेडियोलॉजिस्ट विभाग के चिकित्सक नहीं होने से क्षेत्र के गरीब परिवार के मरीजों को निजी अस्पतालों में भारी रकम देकर इलाज करवाना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में शीघ्र वर्णित विभागों के चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*531. मो० फैसल रहमान (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के ढाका विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ढाका प्रखंड के पचपकड़ी एवं गुरेहनवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का अपना भवन नहीं है, जिसके कारण उनका संचालन किराए के भवनों में किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के स्वीकृत पदों के विरुद्ध पर्याप्त पदस्थापना नहीं होने से मरीजों को समुचित स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध नहीं हो पा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंड (1) एवं (2) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए स्थायी भवन का निर्माण तथा चिकित्सकों एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्यकर्मियों की पदस्थापना कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*532. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा ''क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट ऐक्ट'' में संशोधन के बाद अब एक बेड वाले छोटे क्लिनिकों के लिए भी लाईसेंस अनिवार्य कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिले के बड़ी संख्या में निजी अस्पताल और नर्सिंग होम बिना लाईसेंस और सुरक्षा मानकों (फायर सेफ्टी व बायोमेडिकल वेस्ट) के घनी आबादी वाली सकरी गलियों में संचालित हो रहे हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त संस्थानों में मानक सुविधाओं का अभाव होने के कारण मरीज की जान को हमेशा खतरा बना रहता है और आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस पहुँचने में भी भारी कठिनाई होती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार निर्धारित मानक का पालन न करने वाले संस्थानों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नेत्रदान केन्द्र स्थापित करना

*533. श्री रत्नेश कुमार (क्षेत्र संख्या-184 पटना साहिब)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में अंगदान करने के प्रति खासकर नेत्रदान के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ी है, परन्तु बिहार के अधिकांश जिलों में नेत्र बैंक (Eye Bank)/नेत्रदान केन्द्र (Eye Retrievel Centre) उपलब्ध नहीं रहने के कारण नेत्रदान से प्राप्त कॉर्निया का समय पर संग्रहण एवं प्रत्यारोपण प्रभावित होता है, यदि हाँ, तो सरकार बिहार के सभी जिला अस्पतालों में नेत्र बैंक (Eye Bank) या नेत्रदान केन्द्र (Eye Retrievel Centre) स्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

टावर स्थापित करना

*534. श्री सुरेंद्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-01 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अन्तर्गत ठकराहा, पिपरासी, मधुबनी एवं भितहां प्रखंडों में हाल ही में आई तेज आंधी और पानी के कारण बिजली आपूर्ति के 6 टावर टूट गए हैं, जिसके कारण उक्त क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस भीषण गर्मी के मौसम में बिजली पूरी तरह ठप रहने के कारण चारों प्रखंडों की आमजनता और ग्रामीणों को अत्यंत दयनीय एवं कष्टप्रद स्थिति का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त चारों प्रखंडों में टूटे हुए बिजली टावरों को अविलंब दुरुस्त कराने अथवा नए टावर स्थापित कर विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्थायी SDRF की स्थापना

*535. श्री शुभानंद मुकेश (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव में उत्तरवाहिनी गंगा के तट पर प्रतिदिन तथा विशेष रूप से धार्मिक एवं पर्व-त्योहरों के अवसर पर बिहार एवं झारखंड से बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान एवं पूजा-अर्जना के लिए आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि श्रद्धालुओं की भीड़ एवं गहरे जल क्षेत्र के बावजूद कहलगाँव में अबतक स्थायी रूप से राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (SDRF) की तैनाती नहीं की गई है, जिसके कारण डूबने जैसी दुर्घटनाओं की स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कहलगाँव के उत्तरवाहिनी गंगा तट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु स्थायी एस०डी०आर०एफ० इकाई की स्थापना, आवश्यक मोटरबोट, जीवनरक्षक उपकरण, प्रशिक्षित गोताखोर एवं अन्य बचाव संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन बनाना

*536. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बछवाड़ा प्रखंड के गोहाना पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र के नाम से जमीन रजिस्टर्ड है किन्तु अभीतक भवन का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत में स्वास्थ्य भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

हड्डी रोग की सुविधा उपलब्ध कराना

*537. श्री आदित्य कुमार (क्षेत्र संख्या-92 सकरा (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत सकरा एवं मुरौल प्रखंड स्थित सरकारी अस्पतालों में आंख एवं हड्डी रोग की चिकित्सा सुविधा नहीं रहने के कारण प्रखंडवासियों को इलाज के लिए भी मुजफ्फरपुर जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुरौल प्रखंडान्तर्गत मिट्ठू लाल रामदुलारी देवी अस्पताल, पिलखी के निर्मित भवन में आंख एवं आर्थो संबंधी चिकित्सा के लिए काफी जगह उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मिट्ठू लाल रामदुलारी देवी अस्पताल, पिलखी में आंख एवं हड्डी रोग संबंधी इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उप-स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण

*538. श्री देवेशकान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के गोरेयाकोठी प्रखण्ड में वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में 7 उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत है, किन्तु दो वर्ष बीत जाने के बाद भी आजतक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोरेयाकोठी प्रखण्ड के अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, सिसई में चिकित्सक का पद रिक्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में स्वीकृत उप-स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण कार्य एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों के खाली पदों पर पदस्थापन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अवसंरचना का निर्माण

*539. श्रीमती संगीता देवी (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत 65 बलरामपुर विधान सभा क्षेत्र के विशेषकर बारसोई नगर पंचायत एवं आसपास के क्षेत्रों में 33 केवी विद्युत् आपूर्ति लाइन अत्यधिक लंबी होने के कारण उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत् आपूर्ति उपलब्ध कराने में कठिनाई हो रही है तथा बार-बार लो-वोल्टेज, विद्युत् बाधित होने एवं अनुरक्षण कार्यों में समस्या उत्पन्न होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु बारसोई में 132/33 केवी ग्रिड उप-केन्द्र की स्थापना अथवा 33 केवी लाइन की लंबाई कम करने के लिए किसी नई विद्युत् अवसंरचना के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बहाल करना

*540. श्री संजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिमरी बख्तियारपुर स्थित ए०एन०एम० (A.N.M.) कॉलेज एवं छात्रावास (Hostel) की स्थित अत्यंत जर्जर है, जिसके कारण अध्ययनरत छात्राओं और कर्मचारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा पठन-पाठन बाधित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ए०एन०एम० कॉलेज और उसके छात्रावास भवन का अविलंब जीर्णोद्धार कराने या नवनिर्माण कराकर वहां आवश्यक बुनियादी सुविधाएँ बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उप-स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण करना

*541. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही विधान सभा अंतर्गत लदनियाँ, बाबूबरही एवं खजौली प्रखंडों में बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड (BMSICL) द्वारा उप-स्वास्थ्य केन्द्र भवनों के निर्माण हेतु लगभग 15 योजनाओं का निविदा जुलाई 2025 में ही किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि निविदा प्रकाशन के एक वर्ष बाद भी उक्त योजनाओं का कार्य अबतक प्रारंभ नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी लंबित उप-स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण योजनाओं का कार्य अविलंब प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रभावी एवं पारदर्शी व्यवस्था लागू करना

*542. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना स्थित IGIMS में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत फर्जी मरीज, नकली मेडिकल बिल, जाली दस्तावेज एवं सॉफ्टवेयर से छेड़छाड़ कर सरकारी राशि के गबन का मामला सामने आया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि IGIMS के प्रारंभिक जांच में लगभग 45 लाख रुपये के गबन का खुलासा हुआ है, जबकि 13.89 करोड़ रुपये से अधिक के उपचार का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है तथा आरोपित पिछले साढ़े तीन वर्षों से अनियमितता कर रहे थे ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अबतक जांच में कितनी राशि के गबन एवं कितने व्यक्तियों/अधिकारियों की संलिप्तता पाई गई, इसके लिए उत्तरदायी अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई तथा सरकार इसकी जांच स्वतंत्र उच्चस्तरीय एजेंसी से कराने तथा भविष्य में पुनरावृत्ति रोकने हेतु व्यवस्था लाने का विचार रखती है ;

-------------

जर्जर तार बदलना

*543. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गौड़ाबौराम विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत बिरौल, नारी एवं पटनिया फीडर में लगातार लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है जिसके कारण कृषि कार्य एवं घरेलू उपभोक्ता प्रभावित हो रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि किरतपुर प्रखंड क्षेत्र में कई स्थानों पर ट्रांसफॉर्मर को डाउन टू अर्थ स्तर पर बहुत नीचे लगाया गया है, जिसके कारण बाढ़ आने पर ट्रांसफॉर्मर पानी में डूब जाता है और विद्युत् आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के कारण किरतपुर प्रखंड में डूबने वाले ट्रांसफॉर्मरों को ऊंचे प्लेटफार्म पर शिफ्ट करने एवं ट्रांसफॉर्मर स्थापना के मानक में संशोधन करने तथा लो-वोल्टेज की समस्या के समाधान हेतु उक्त तीनों फीडरों पर अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर/कैपेसिटर लगाने एवं जर्जर तार बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अस्पताल भवन का निर्माण

*544. श्री रोहित पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर स्थित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय

एवं अस्पताल (मायागंज) में चिकित्सकों एवं नर्सिंग कर्मियों की कमी है तथा अस्पताल के अनेक भवन एवं छात्र-छात्राओं के छात्रावास जर्जर अवस्था में होने के कारण एवं मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या की तुलना में वर्तमान भवन एवं बेड क्षमता अपर्याप्त है, जिसके कारण मरीजों को समुचित उपचार एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध कराने में कठिनाई हो रही है तथा कर्मियों एवं मरीजों के सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति नया आधुनिक अस्पताल भवन अतिरिक्त बेड क्षमता हेतु नए भवन, छात्र-छात्राओं के लिए नए छात्रावास तथा जर्जर भवनों के पुनर्निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*545. श्री हरिनारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत प्रखण्ड नगरनौसा के ग्राम पंचायत खजुरा के ग्राम-विषुनपुर में अतिरिक्त प्रा० स्वा० केन्द्र, विषुनपुर का चयन वर्ष 1985 में किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त प्रा० स्वा० केन्द्र, विषुनपुर का भवन नहीं रहने के कारण वर्तमान में स्वा० उप-केन्द्र, विषुनपुर में संचालित है तथा अतिरिक्त प्रा० स्वा० केन्द्र, विषुनपुर में दो डॉक्टर भी पदस्थापित हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त अतिरिक्त प्रा० स्वा० केन्द्र के भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अतिरिक्त प्रा० स्वा० केन्द्र, विषुनपुर का भवन निर्माण करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रांसफॉर्मर अपग्रेड करना

*546. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत चिरैया विधान सभा क्षेत्र के चिरैया प्रखंड एवं पताही प्रखंड में लगे 63KVA का ट्रांसफॉर्मर पर क्षमता से अधिक लोड होने के कारण बार-बार जल रहे हैं जिससे स्थानीय किसानों को पटवन और नागरिकों को भीषण गर्मी में बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में उक्त प्रखण्ड में 63KVA के क्षमता वाले ट्रांसफॉर्मर को 100KVA में अपग्रेड कर बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जर्जर विद्युत् तार को बदलना

*547. श्री इन्द्रदेव सिंह (क्षेत्र संख्या-110 बड़हरिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत बड़हरिया विधान सभा क्षेत्र के पंचायत भोपतपुर, बालापुर, सदरपुर, भलूवाड़ा एवं अन्य पंचायतों में ट्रांसफॉर्मर लोड के अनुसार नहीं लगा हुआ है तथा विद्युत् तार भी काफी पुराना एवं जर्जर हालत में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कम KV के ट्रांसफॉर्मर लगे होने एवं विद्युत् तार के जर्जर होने से विद्युत् आपूर्ति बाधित होती रहती है और साथ-ही-साथ जान-माल की क्षति भी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बड़हरिया विधान सभा क्षेत्र के उक्त पंचायतों के पुराने विद्युत् तार को बदलकर और लोड के अनुसार ट्रांसफॉर्मर को लगाकर निर्बाध रूप से विद्युत् की आपूर्ति मुहैया कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पी०एस०एस० का निर्माण कराना

*548. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोधगया (अ०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के फतेहपुर प्रखण्ड अंतर्गत सिर्फ 2 पी०एस०एस० कार्यरत है जिसके कारण स्थानीय जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लगभग 93 कि०मी० की विशाल ग्रामीण व अर्द्धशहरी परिधि में बिजली सप्लाई इन दो पी०एस०एस० पर निर्भर है ;

(3) क्या यह बात सही है कि नई दिल्ली कोलकत्ता ग्रैंड कोर्ड रेल लाइन दो हिस्सों में बंटा हुआ है और दोनों पी०एस०एस० रेल लाइन उत्तर क्षेत्र में है दक्षिण क्षेत्र विशेषकर नौडीहा, झुरांग, जयपुर, चरहारा कला, चरोखरी एवं सलैया पंचायत में बिजली का सप्लाई सही से नहीं रहता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त प्रखण्ड में एक और पी०एस०एस० का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*549. श्री बीरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-139 रोसड़ा (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिले के रोसड़ा अनुमंडल में अनुमंडलीय अस्पताल में अतिरिक्त भवन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक रोसड़ा अनुमंडल में अनुमंडलीय अस्पताल में अतिरिक्त भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पोल तार को ठीक करना

*550. श्री अमरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत गोह प्रखण्ड में गोह से हमीदनगर फीडर तक 11000 हाई भोल्टेज केबल लगाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त लाइन में महेश परासी से गोरकरी, भलुआर हमीदनगर तक पोल के बीच रिकनेक्टिंग तार नहीं होने से तार ढीला होकर नीचे लटक गया है जिससे जनता को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त 6 कि०मी० की दूरी बीच पोल में रिकनेक्टिंग सपोर्ट देकर जर्जर पोल तार को ठीक करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी का निर्माण कराना

*551. श्री जितेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बिन्द एवं कतरीसराय सामुदायिक अस्पताल की चहारदीवारी नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सामुदायिक अस्पतालों तक पहुंच पथ का निर्माण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों सामुदायिक अस्पताल की चहारदीवारी का निर्माण कराते हुए पहुंच पथ बनाने विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

LT केबल बदलना

*552. श्री राहुल कुमार (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के जहानाबाद और रतनी के 40 जैसे जानकीकुंज, फरीदपुर, खजूरबना, गगनकुडा, सोहरैया तथा अन्य ग्रामों में LT लाइन सप्लाई केबल की स्थिति जर्जर होने के कारण कई दुर्घटना भी हो चुकी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त LT केबल को बदलना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मेडिकल कॉलेज खोलना

*553. श्री गोपाल कुमार अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-53 ठाकुरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि 15 अगस्त, 2025 को सरकार द्वारा राज्य के सात जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की गई है, जिसमें किशनगंज जिला भी शामिल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समाहर्ता किशनगंज ने स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव को पत्रांक 03 (1), दिनांक 1 जनवरी, 2026 द्वारा ठकुरगंज में मेडिकल कॉलेज स्थापन हेतु जमीन का प्रस्ताव भेजा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ठाकुरगंज में मेडिकल कॉलेज खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कलाकारों का भुगतान

*554. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि उमगा महोत्सव, 2026 का आयोजन जिला प्रशासन, औरंगाबाद ने किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त महोत्सव मेला में कलाकारों का चयन जिला प्रशासन, औरंगाबाद ने किया किन्तु चयनित कलाकारों का भुगतान अभीतक नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कलाकारों को भुगतान कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अस्पताल का निर्माण

*555. श्री रोमित कुमार (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अतरी विधान सभा क्षेत्र में एक भी अनुमंडलीय अस्पताल स्थापित नहीं है, जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को गंभीर एवं आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं के लिए गया सदर अथवा अन्य दूरस्थ अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडलीय अस्पताल के अभाव में गरीब, ग्रामीण, महिला, वृद्ध एवं गंभीर मरीजों को समय पर समुचित उपचार नहीं मिल पाने से उन्हें आर्थिक एवं शारीरिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अतरी विधान सभा क्षेत्र के खिजरसराय में अनुमंडलीय अस्पताल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवानी मंदिर का विकास

*556. श्री विनय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखंड के आमी स्थित माँ अम्बिका भवानी मंदिर के विकास के लिए केन्द्र सरकार के प्रसाद योजना के द्वारा प्रथम किस्त की राशि 12.26 करोड़ रुपये स्वीकृत हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक माँ अम्बिका भवानी मंदिर के विकास की शुरुआत कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रॉमा सेंटर की स्थापना

*557. श्री बिजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत कुर्सेला से गेड़ाबाड़ी एन0एच0 31 तक आए दिन दुर्घटना होते रहती है, परंतु ट्रॉमा सेंटर नहीं रहने के कारण मरीजों को पूर्णियाँ/कटिहार शहर स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में जाना पड़ता है, जिसके कारण कुछ मरीजों की मृत्यु भी हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार समेली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को उन्नत करते हुए ट्रॉमा सेंटर के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली का आपूर्ति

*558. श्री पप्पु कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिले के कुर्था विधान सभा क्षेत्र में किसानों को कृषि कार्य हेतु बिजली की आपूर्ति प्रचुर मात्रा में नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार किसानों के हित में उक्त क्षेत्र में कम-से-कम 10 घंटे बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली के जर्जर तारों को ठीक कराना

*559. श्री राजेश कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के दरभंगा ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत मनीगाछी एवं सदर प्रखंड में बिजली की तार एवं केबुल जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मनीगाछी एवं सदर प्रखंडों मे बिजली की पोल एवं तार अभाव के कारण 95% किसानों सिंचाई सुविधा से वंचित है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों प्रखंडों में लो वोल्टेज की समस्या है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों के लिए सिंचाई हेतु बिजली का पोल एवं तार लगाकर विद्युत आपूर्ति करने के साथ-साथ 65 KV के ट्रांसफॉर्मर को 100 KV एवं 100 KV के ट्रॉसफॉर्मर को 200 KV में बदलने की विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उप-केन्द्र का निर्माण

*560. प्रो0 नागेन्द्र राउत (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सुरसंड विधान सभा के भिट्ठामोड़ एवं कुम्भा में 33/11 KV विद्युत शक्ति केंन्द्र की नितांत आवश्यकता है, विद्युत शक्ति उप-केन्द्र नहीं रहने से स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भिट्ठामोड़ भारत एवं नेपाल सीमा बार्डर पर अवस्थित है तथा यहाँ SSB Camp एवं लैंड पोर्ट की महत्वपूर्ण प्रशासनिक एवं आवासीय भवन है, कुम्भ एक बड़ा बाजार एवं व्यावसायिक क्षेत्र है। इस कारण यहाँ विद्युत उप-केन्द्र की अत्यंत आवश्यकता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्थानों पर विद्युत शक्ति उप-केन्द्र (33/11 KV) का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जर्जर तार बदलना

*561. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड के 11 हजार KV का तार का एक पोल दूसरे पोल की दूरी ज्यादा रहने के कारण तार लटका हुआ है एवं तार जर्जर रहने के कारण आँधी में तार गिरने की आशंका बनी रहती है, जिससे जान-माल के नुकसान होने की संभावना बनी रहती है, जिससे आमलोगों में आक्रोश व्याप्त है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक एक पोल से दूसरे पोल की दूरी घटा कर जर्जर तार बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

समुचित स्वास्थ्य व्यवस्था करना

*562. श्री विमल राजवंशी (क्षेत्र संख्या-235 रजौली (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के 75 शैय्या युक्त रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में वर्ष 2021 से उपाधीक्षक का पद रिक्त है तथा अस्पताल में ब्लड बैंक, ट्रॉमा सेंटर, पी0आई0सी0यू0, आई0सी0यू0, शव वाहन, पर्याप्त एएलएस/बीएलएस एम्बुलेंस, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, डायलिसिस, आधुनिक जाँच सुविधा, जीवनरक्षक दवाओं, विशेषज्ञ चिकित्सकों, स्टाफ नर्स एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की कमी के कारण मरीजों को नवादा, गया एवं पटना रेफर किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 20 से जुड़े उक्त अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में दुर्घटनाग्रस्त एवं गंभीर मरीज पहुंचते हैं, परंतु ट्रॉमा सेंटर एवं अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावी रूप से संचालित नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडल अस्पताल में समुचित स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध कराकर संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा विकसित करना

*563. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अंतर्गत चेनारी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वन प्रक्षेत्र के अधीन करमचट डैम/दुर्गावती जलाशय में प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक भ्रमण हेतु आते हैं, किन्तु इतनी बड़ी संख्या में पर्यटकों के आगमन के बावजूद वहाँ वर्तमान में केवल एक परिवार की क्षमता वाली मात्र एक हाउस बोट उपलब्ध है तथा फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की भी कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण पर्यटकों को असुविधा का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक करमचट डैम/दुर्गावती जलाशय में अधिक क्षमता वाली क्रूज बोट, अतिरिक्त हाउस बोट एवं फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की सुविधा विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आधारभूत सुविधाओं का विकास

*564. श्री रितुराज कुमार (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अंतर्गत हुलासगंज प्रखंड के बनवरिया गाँव में स्थित प्राचीन एवं धार्मिक महत्व के बुढ़वा महादेव मंदिर का अबतक समुचित विकास एवं जीर्णोद्धार नहीं कराया गया है, जिसके कारण श्रद्धालुओं को अनेक असुविधाओं का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मंदिर के सौंदर्यीकरण, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आवश्यक मरम्मती कार्य

*565. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी-चम्पारण जिलान्तर्गत पकड़ीदयाल अनुमंडल अस्पताल की स्थापना वर्ष 2014 के उपरांत अस्पताल भवन के अनुरक्षण (मेनटेनेन्स), रंग-रोगन एवं आवश्यक मरम्मती कार्य नहीं कराया गया है, जिससे भवन की स्थिति जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार अनुमंडलीय अस्पताल पकड़ीदयाल के भवन का जीर्णोद्धार एवं आवश्यक मरम्मती कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*566. मोहम्मद मुर्शीद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट तथा पलासी प्रखंड के विद्युत् उपभोक्ताओं को विगत दो माह से अनियमित विद्युत् आपूर्ति तथा लो-वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा रहा है, जिसकी शिकायत उक्त उपभोक्ताओं द्वारा विभागीय अभियंताओं को करने पर भी कोई समाधान नहीं किया जाता है, जिससे उपभोक्ताओं में आक्रोश है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दोषियों पर कार्रवाई करते हुये उक्त प्रखंडों के उपभोक्ताओं को नियमित विद्युत् आपूर्ति तथा लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मॉडल भवन बनाना

*567. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन बनकर तैयार है तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बारूण पुराने भवन में चल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार नवीनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को नये भवन में स्थापित करने तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बारूण में नया मॉडल भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

शेड का निर्माण

*568. श्री कलाधर प्रसाद मंडल (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के रूपौली प्रखंड अंतर्गत प्रत्येक वर्ष 12 पंचायतों में भीषण बाढ़ से उक्त क्षेत्र के बसावटों का जानमाल सहित आर्थिक क्षति के साथ-साथ विस्थापित होना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार रूपौली प्रखंड अंतर्गत ऊँचे स्थानों पर आश्रय स्थल शेड का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पावर ग्रिड स्थापित करना

*569. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत नरहन इस्टेट स्थित विभूतिपुर पावर सब-स्टेशन को 33 हजार वोल्ड 25 किलोमीटर दूर दलसिंहसराय पावर ग्रिड से मिल रहा है, जो प्राय: ब्रेकडाउन होने से विद्युत् आपूर्ति घंटों बाधित रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर सब-स्टेशन में पावर ग्रिड स्थापित हेतु पर्याप्त जमीन उपलब्ध है एवं मात्र तीन किलोमीटर की दूरी पर बोरिया पंचायत से 1 लाख 33 हजार हाई वोल्टेज का तार भी गुजरता है, जहां से ट्रैपिंग किया जा सकता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नरहन इस्टेट स्थित पावर सब-स्टेशन में पावर ग्रिड स्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*570. श्रीमती शलिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के प्रदुमन छपरा एवं फुलतकिया तथा संग्रामपुर प्रखंड के पकड़ी एवं श्यामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों का पदस्थापन नहीं रहने के कारण लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपर्युक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों का पदस्थापन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चिकित्सा पदाधिकारियों को योगदान करवाना

*571. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी की नियुक्ति हेतु तकनीकी सेवा अयोग के विज्ञापन सं0-19/2025 के तहत कुल-663 पदों पर रिक्ति निकाली गई थी, जिसके विरुद्ध सभी 663 पदों पर योगदान देने के लिये चयनित सामान्य चिकित्सक पदाधिकारियों को अवसर प्रदान किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि चयनित कुछ सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा योगदान नहीं देने से पद रिक्त रह गया है, जबकि शेष चयनित सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी योगदान देने को इच्छुक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष चयनित सामान्य चिकित्सा पदाधिकारियों को योगदान देने का अवसर प्रदान करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सुविधाओं का विकास

*572. श्री माधव आंनद (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी विधान सभा क्षेत्र के पंडौल अंतर्गत (बाबा चौक) स्थित बाबा झालेश्वर नाथ महादेव मँदिर एक अति प्राचीन धार्मिक आस्था का प्रमुख केन्द्र है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मँदिर परिसर को धार्मिक पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने तथा आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विकास कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*573. श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह (क्षेत्र संख्या-109 दरौंदा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत प्रखंड दरौंदा में उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या के अनुरूप विद्युत् आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिसके कारण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को कम वोल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रिड सब-स्टेशन की स्थापना के लिये जलालपुर में सरकारी भूमि उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जलालपुर में सरकारी भूमि पर ग्रिड सब-स्टेशन की स्थापना करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## मंदिर को पर्यटन स्थल घोषित करना

*574. श्री रामानन्द मंडल (क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढ़ा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा प्रखंड अन्तर्गत प्राचीनकाल से बाबा सिंगीऋषि धाम अवस्थित है, जिसका वर्णन धार्मिक पुस्तक रामायण में भी उल्लेख किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दूर-दराज से पूजा-पाठ करने आते है तथा प्रत्येक वर्ष सावन के महीना में एक माह तक मेला का आयोजन निजी स्तर पर किया जाता है, परन्तु मंदिर परिसर एवं इर्द-गिर्द में श्रद्धालुओं को ठहरने हेतु कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं रहने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मंदिर को पर्यटन स्थल घोषित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

## सुविधा बहाल करना

*575. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र वारिसलीगंज में डॉ0 आरती अर्चना, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वर्ष-2021 से पदस्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की मिलीभगत से उक्त केन्द्र में मरीजों को गंभीर बीमारी बताकर बिचौलियो के माध्यम से प्राईवेट अस्पताल ले जाकर मोटी रकम वसूल की जाती है, साथ ही आशा कार्यकर्ताओं एवं अन्य कर्मियों के मानदेय भुगतान में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अवैध राशि लिये बिना हस्ताक्षर नहीं करती हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त केन्द्र में फैली अराजकताओं की उच्चस्तरीय जांच करवाकर 5 वर्षों से अधिक समय से पदस्थापित डॉ0 आरती अर्चना प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र वारिसलीगंज से अन्यत्र स्थानांतरित कर मरीजों के इलाज की समुचित सुविधा बहाल करवाने की विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

## विद्युत् आपूर्ति कराना

*576. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 विक्रम)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्रखंड-नौबतपुर, पंचायत-चकचेचौल के ग्राम-कोपाकला में प्रत्येक बोरिंग लगभग 3 वर्षों से बिना विद्युत् पोल एवं तार के हैं एवं प्रखंड बिक्रम, पंचायत-बिरधौर बेरर निसर्पुरा के ग्राम-बिरधौर निसर्पुरा के दक्षिण भर कृषि कार्य हेतु विद्युत् ट्रांसफॉर्मर, तार व पोल स्थापित नहीं होने से यहां के स्थानीय कृषकों को कृषि कार्य में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थल पर विद्युत् ट्रांसफॉर्मर, पोल एवं तार उपलब्ध कराकर विद्युत् आपूर्ति कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

## अग्निशमन केन्द्र कर स्थापना

*577. श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के बलिया बेलौन क्षेत्र में अग्निशमन केन्द्र स्थापित नहीं होने के कारण आगजनी की घटनाओं में अग्निशमन वाहनों के घटनास्थल पर पहुँचने में विलंब होता है, जिससे राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षेत्र में अग्निशमन केन्द्र की स्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रॉमा सेंटर की स्थापना

*578. श्री मनोज कुमार (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला मुख्यालय में आधुनिक सुविधाओं से युक्त ट्रॉमा सेंटर की स्थापना करने की कोई योजना है ;

(2) यदि हाँ, तो ट्रॉमा सेंटर की स्थापना हेतु अब तक क्या-क्या प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्रवाई की गई है तथा इसके निर्माण की संभावित समय-सीमा क्या है ;

(3) यदि नहीं, तो क्या सरकार सड़क दुर्घटनाओं एवं अन्य गंभीर दुर्घटनाओं में घायलों को समय पर विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा बढ़ती जनसंख्या एवं आवश्यकता को देखते हुए अरवल जिला मुख्यालय में शीघ्र ट्रॉमा सेंटर की स्थापना पर गंभीरतापूर्वक विचार करेगी ?

--------

जर्जर तार एवं पोल लगाना

*579. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-231 टेकारी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अंतर्गत कोंच प्रखंड में सिंदुआरी फिटर के तार और पोल जर्जर स्थिति में होने के कारण सैकड़ों गांव के आमजन प्रत्येक दिन बिजली की समस्या को झेल रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सिंदुआरी फिटर के संबंध में प्रश्नकर्ता द्वारा जिला के बैठकों में जिला पदाधिकारी व बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता (गयाजी) को दी है परंतु अबतक सुधार नहीं हुई ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त फिटर के जर्जर तार एवं पोल को बदलकर नया तार एवं पोल लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*580. श्री श्याम रजक (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत प्रखंड-फुलवारी के पंचायत रामपुर, फरीदपुर के ग्राम-फरीदपुर में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र है, जहाँ मात्र 1 डॉक्टर एवं 1 नर्स पदस्थापित है, जबकि यह महादलित बहुल क्षेत्र है एवं स्वास्थ्य केन्द्र में हमेशा ताला लगा रहता है, जिस वहज से ग्रामीणों को इलाज हेतु लगभग 08 किलोमीटर दूर फुलवारी स्वास्थ्य केन्द्र जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पंचायत-रामपुर, फरीदपुर के ग्राम-फरीदपुर प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र में अतिरिक्त डाक्टरों एवं नर्सों को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना

*581. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिले के बेलहर प्रखंड अंतर्गत बदुआ (हनुमना) डैम पर्यटन का केन्द्र है, किन्तु यह पर्यटकीय स्थल के रूप में विकसित नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी श्रावणी मेला के दौरान अधिकाधिक संख्या में श्रद्धालुगण उक्त डैम के पर्यावरणीय, प्रकृति पदन्त सौंदर्य छटाओं को देखने के लिए अपना समय व्यतीत करते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती हैं, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ? -

पदस्थापित रहने देना

*582. श्री वैद्यनाथ प्रसाद (क्षेत्र संख्या-23 रीगा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बैरगनिया में डॉ0 रामबाबू रमन का पदस्थापन लगभग 1 वर्ष पूर्व किया गया था, जो न तो आवश्यक था और न पारंपरिक प्रचलन के अनुरूप था, जबकि उनके कार्यकाल में स्वास्थ्य केंद्र हर मानक पर अच्छा काम कर रहा था, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित एवं सरकारी नियमों के आलोक में डॉ0 रामबाबू रमन का स्थानांतरण रद्द करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बैरगनिया में ही पदस्थापित रहने देने का विचार रखती है ?

--------

ट्रॉमा सेन्टर बनाना

*583. श्री मनीष कुमार (क्षेत्र संख्या-160 धोरैया (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार-झारखण्ड राज्य को जोड़ने वाली NH-133 (E) भागलपुर-हंसडीहा पथ पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएँ होते रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त पथ पर हुए दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को नजदीक में अस्पताल नहीं रहने के कारण इलाज हेतु भागलपुर ले जाने के क्रम में अधिकतर लोगों की मृत्यु हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार NH-133 (E) पर खैरा में रिक्त पड़े सरकारी जमीन जिसका खाता नं0-114, खेसरा नं0-337, थाना नं0-411, मौजा-खिड्डी, रकबा-8.32 एकड़ है, पर Trauma Centre बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति कराना

*584. श्री मनोज विश्वास (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में स्वीकृत पदों के अनुरूप चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं है तथा आवश्यक दवाओं की भी कमी बनी रहती है, जिस कारण से गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को समुचित उपचार नहीं मिल पाता तथा उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त अस्पताल में चिकित्सकों की कमी दूर करने, दवाओं की नियमित उपलब्धता कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

*585. श्री संजय कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-03 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत नरकटियागंज अनुमंडल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध होने के बावजूद विगत वर्षों से रेडियोलॉजिस्ट की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण मरीजों को मुफ्त जांच का लाभ नहीं मिल पा रहा है तथा गरीब मरीजों को मजबूरन निजी केंद्रों पर महंगा इलाज कराना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अस्पताल के प्रसव कक्ष में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए GNM के स्वीकृत पदों के मुकाबले कम GNM ही प्रतिनियुक्ति है और हाल ही में उनमें से भी 5 GNM का स्थानांतरण हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में अविलंब एक स्थाई रेडियोलॉजिस्ट की प्रतिनियुक्ति करने तथा GNM के रिक्त पड़े सभी पदों पर प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

समुचित व्यवस्था करना

*586. श्री अरूण कुमार (क्षेत्र संख्या-180 बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत बख्तियारपुर प्रखंड की चिरैया रूपस, रूपस महाजी, हरदासपुर दियारा, काला दियारा एवं सतभैया रामनगर पंचायतों में प्रतिवर्ष आने वाली भीषण बाढ़ के कारण जन-धन की क्षति के साथ-साथ कृषि, पशुधन, चिकित्सा सेवाओं, आवागमन, शिक्षा तथा ग्रामीणों की आजीविका गंभीर रूप से प्रभावित होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त पंचायतों में बाढ़ पूर्व तैयारी, समयपूर्व चेतावनी, राहत एवं बचाव, सुरक्षित आश्रय, नाव एवं एनडीआरएफ/एसडीआरएफ की उपलब्धता, चिकित्सा शिविर, पशु चिकित्सा सेवा, खाद्यान्न, पेयजल तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीणों को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपरोक्त वर्णित पंचायतों में समुचित व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत उप-केंद्र स्थापित कराना

*587. श्री विष्णु देव पासवान (क्षेत्र संख्या-107 दरौली (अ० जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिले के दरौली प्रखंड में वर्तमान में केवल एक 33/11 केवी विद्युत उप-केंद्र कार्यरत है, जो दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (DDUGJY) के अंतर्गत स्थापित है तथा लगभग 27,000 से अधिक उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति कर रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उप-केंद्र पर अत्यधिक भार होने के कारण बौना, दोन, चकरी परसिया एवं आस-पास के क्षेत्रों में लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बेलाव ग्राम, नेटवार स्थित उपलब्ध सरकारी भूमि पर नया 33/11 केवी विद्युत उप-केंद्र स्थापित करने हेतु तकनीकी सर्वे कराकर स्वीकृति प्रदान की जाएगी, लगभग 12,000 से अधिक उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुरक्षा कर्मियों की तैनाती

*588. श्री अभिषेक रंजन (क्षेत्र संख्या-07 चनपटिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था हेतु तैनात अधिकांश सुरक्षा कर्मियों को संबंधित एजेंसी द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नियुक्त नहीं किया गया है, जिसके कारण मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार तथा सुरक्षा व्यवस्था में खामियां सामने आ रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संबंधित सुरक्षा एजेंसियों द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता अप्रशिक्षित सुरक्षा कर्मियों की तैनाती हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निविदा शर्तों के अनुपालन की समीक्षा कर दोषी एजेंसियों एवं संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में प्रशिक्षित एवं योग्य सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा उपलब्ध कराना

*589. श्री उपेन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिलांतर्गत गुरूआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लेटेस्ट वर्जन का डिजिटल एक्सरे मशीन सहित ईसीजी टेक्निशियन और वार्ड अटेंडेंट की कमी के कारण लोगों को इलाज कराने में काफी दिक्कत होती है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में लेटेस्ट वर्जन का डिजिटल एक्सरे मशीन सहित ईसीजी टेक्निशियन और वार्ड अटेंडेंट जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*590. मो० तौसीफ आलम (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में प्रतिनियुक्त फार्मासिस्ट संतोष कुमार एवं अजय यादव द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र संचालित कर रहे हैं, जहाँ आमजनों का इलाज के दौरान पैसे की अवैध ढंग से वसूली करते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जाँच कराकर उक्त कर्मियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रॉमा सेंटर स्थापित करना

*591. श्री अनिल सिंह (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत अकबरपुर प्रखंड के फतेहपुर मोड़ से नवादा के बीच एन०एच० 20 पर ट्रॉमा सेन्टर नहीं रहने के कारण दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों की जान बचना मुश्किल हो जाता है; यदि हाँ, तो सरकार अकबरपुर प्रखंड के फतेहपुर मोड़ या फतेहपुर से नवादा मार्ग के बीच एन०एच० 20 पर एक ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पोल एवं तार लगाना

*592. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अंतर्गत सहसराय, अधगाई, चाँदी, रजवाड़ा, खुरसाहा, वेतहा, बेला, मच्छपकौनी, मनपौर, सौरभा सिसिया, कोईरा पिपरा, मजहा, जैसे दर्जनों गाँव के लोग अभी भी बास के खंभा पर बिजली का तार ले जाकर किसी तरह बिजली का उपयोग कर रहे हैं जिससे काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि हाँ, तो क्या सरकार बिजली का पोल एवं तार लगाकर उपभोक्ता को बिजली मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उप-स्वास्थ्य केंद्र खोलना

*593. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या 116 तरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के ग्रामीण एवं दूर-दराज के क्षेत्रों में प्राथमिक चिकित्सा एवं प्रसव पूर्व देखभाल और टीकाकरण जैसे आवश्यक सेवाओं के देखभाल के लिए ग्रामीण स्तर पर सबसे पहली इकाई उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तरैया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड इसुआपुर के पंचायत रामपुर अटौली के ग्राम-डोइला में एक भी उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने से इस ग्राम के निवासियों को आपातकालीन स्थित में प्राथमिक उपचार हेतु 10 Km की लंबी दूरी तय करनी पड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सारण जिला अंतर्गत इसुआपुर के पंचायत रामपुर अटौली के ग्राम-डोइला में उप-स्वास्थ्य केंद्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*594. श्री अरुण कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-96 बरुराज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मोतीपुर का भवन जर्जर हो गया है और पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय भवन भी नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, के भवन का पुनर्निर्माण एवं आवासीय भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाएं उपलब्ध करना

*595. श्री बशिष्ठ सिंह (क्षेत्र संख्या-209 करगहर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत कोचस स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र का फरवरी, 2022 में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उत्क्रमित किया गया था, किन्तु उक्त स्थल पर अबतक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अपेक्षित सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं, उक्त स्थान राष्ट्रीय उच्च पथ (एन०एच० 319) तथा सासाराम-चौसा पथ (एस०एच० 17) के संपर्क बिंदु पर स्थित है, जहाँ आपातकालीन (दुर्घटना) रोगियों की संख्या अधिक रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केंद्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

राशि को बढ़ाकर दोगुणा करना

*596. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्यों के विभिन्न आपदाओं से पीड़ित परिवारों को बिहार सरकार द्वारा अलग-अलग क्षति की अलग-अलग आपदा राशि निर्धारित की गई है यथा गृह क्षति लाभ, कच्चा मकान 8000, पक्का मकान 1,20,000 रुपये तथा बाढ़ राहत के नाम पर 7000 रुपये की राशि दी जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अग्निकांड में अग्नि पीड़ित परिवार को घरेलू सामान के नाम पर 12000 रुपये,घर के नाम 8000 तथा दुधारु पशु के नाम पर 37500 रुपये की राशि आपदा विभाग द्वारा प्रावधानानुसार दी जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्तमान परिस्थिति में महंगाई को देखते हुए उक्त राशि को बढ़ाकर दोगुणा करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सांख्यिकी स्वयंसेवकों को समायोजन करना

*597. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में मान्यताप्राप्त सांख्यिकी स्वयंसेवक (Statistics Volunteers) पात्रता परीक्षा पास और पूर्ण प्रशिक्षित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वयंसेवकों ने छठी सामाजिक-आर्थिक जनगणना,फसल सर्वे, विद्यालयों का सर्वे और जन्म प्रमाण-पत्र जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को सफलतापूर्वक किया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्ष 2012-13 में बहाल हुए अनुभवी स्वयंसेवकों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए समायोजन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

तकनीकी सुधार कार्य करना

*598. डॉ० प्रकाश चंद्र (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिले के ओबरा प्रखंड अंतर्गत खुदवां पावर सब-स्टेशन (GSS) को लगभग 10 किलो मीटर दूर स्थित पौथु PSS से 33 केवी लाइन द्वारा विद्युत् आपूर्ति होने के कारण बार-बार तकनीकी खराबी तथा विद्युत् आपूर्ति बाधित रहने से हजारों घरेलू, कृषि एवं व्यावसायिक उपभोक्ता प्रभावित हो रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि खुदवां क्षेत्र में बढ़ते विद्युत् भार तथा निकटवर्ती आरंडा तक उपलब्ध चैरम ग्रिड की 33 केवी लाइन को देखते हुए खुदवां GSS को उक्त लाइन से जोड़कर पृथक फीडर स्थापित करना तकनीकी रूप से संभव है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तकनीकी सुधार कार्य को स्वीकृत कर समयबद्ध ढंग से पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क मार्ग का विकास

*599. श्री सुभाष सिंह (क्षेत्र संख्या-101 गोपालगंज)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत उचकागांव प्रखंड में 300 वर्ष पुराना माँ दुर्गा का घोड़ाघाट मंदिर है जहाँ सारण, चंपारण, पूर्वी उ०प्र० और नेपाल से श्रद्धालु आते हैं जो थावे मन्दिर से 7 कि०मी० की दूरी पर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि थावे मन्दिर और NH27 से सीधा मार्ग उक्त मन्दिर में जाने हेतु नहीं है जिस कारण श्रद्धालुओं को काफी असुविधा होती है तथा मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त के संबंध में प्रश्नकर्ता द्वारा दिये गए आवेदन के आलोक में मुख्यमंत्री सचिवालय के ज्ञापांक 5540771, दिनांक 20 अप्रील, 2026 द्वारा पत्र विभाग को भेजा गया जिस पर कार्रवाई नहीं हुई ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार घोड़ाघाट मंदिर को पर्यटन स्थल में विकसित करने, सुलभ सड़क मार्ग का विकास, साइन बोर्ड लगाने हैं, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराना

*600. श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि डेहरी विधान सभा क्षेत्र के डेहरी-डालमियानगर में एक भी सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नहीं है, जिसके कारण आसपास के लाखों लोगों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा एवं मेडिकल शिक्षा के लिए पटना, वाराणसी तथा अन्य शहरों पर निर्भर रहना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि डालमियानगर के मथुरापुर में बिहार राज्य आवास बोर्ड की पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध है, जहाँ मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध शिक्षण अस्पताल की स्थापना की जा सकती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में मथुरापुर, डालमियानगर स्थित उपलब्ध भूमि पर सरकारी मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

उच्चस्तरीय अस्पताल में बदलना

*601. श्रीमती सोनम रानी (क्षेत्र संख्या-44 त्रिवेणीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के प्रतापगंज प्रखंड की आबादी लगभग 1,50,000 से अधिक तथा उच्चस्तरीय अस्पताल (रेफरल) के लिए भूमि उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड में उच्चस्तरीय अस्पताल नहीं रहने से यहाँ के आमजनों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए लगभग 15 KM दूर अन्यत्र जाना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सामुदायिक केंद्र पर OT, ICU,SNCU, TC SCAN, बेड की संख्या, सर्जन, ट्रॉमा सर्जन, सेंटर एवं 24x7 एंबुलेंस की सुविधा नहीं होने से महिला,वृद्ध, शिशु रोगी को उच्च स्तरीय अस्पताल ले जाते-जाते कई रोगी की रास्ते में ही मत्यु हो जाती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उच्चस्तरीय अस्पताल में बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

टांसफॉर्मर बदलना

*602. श्रीमती कोमल सिंह (क्षेत्र संख्या-88 गायघाट)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट एवं बंदरा प्रखंड के पंचायतों में हमेशा ट्रांसफॉर्मर जल जाता है लेकिन ट्रांसफॉर्मर जल्द नहीं बदला जाता है, जिसके वजह से काफी दिनों तक लोग बिजली की समस्या से जूझते हैं और अंधकार में रहते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि जब जनता की मांग पर जब जिला के कार्यालय अभियंता और जिलाधिकारी से बात की जाती है, तो बोलते हैं कि उनके हाथ में नहीं है ये पटना से स्वीकृत होकर आयेगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ट्रांसफॉर्मर बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उप-केन्द्र का निर्माण

*603. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखण्ड के परना पंचायत के स्वास्थ्य उप-केन्द्र को अपना भवन नहीं होने के कारण ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिये कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचलाधिकारी, बेगूसराय के पत्रांक 1206, दिनांक 23 मार्च, 2026 द्वारा स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन निर्माण हेतु उपलब्ध भूमि का अनापत्ति-प्रमाण-पत्र प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सदन प्रखण्ड, बेगूसराय को उपलब्ध कराया जा चुका है, किन्तु आजतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में परना पंचायत में स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन निर्माण कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विकसित करना

*604. श्री नितेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला अन्तर्गत कसबा विधान सभा क्षेत्र के जलालगढ़ प्रखंड में गंगा सागर पोखरा के निकट स्थित माँ जीवच्छ माता स्थान एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है जहां वार्षिक महोत्सव के अवसर पर विभिन्न राज्यों से 50,000 से अधिक श्रद्धालु एवं पर्यटक आते हैं तथा इससे सरकार को प्रतिवर्ष लगभग 4-5 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त धार्मिक स्थल पर पहुंच मार्ग की दयनीय स्थिति, पोखरे की अस्वच्छता, उचित स्नान घाट का अभाव एवं श्रद्धालुओं के लिये विश्राम एवं बैठने की सुविधा न होने के कारण पर्यटकों को काफी कठिनाइयां होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्थल पर पहुंच मार्ग की सुधार, पोखरे की सफाई, स्नान घाट एवं विश्राम सुविधाओं का निर्माण कर इसे पर्यटन स्थल के रूप में कबतक विकसित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रतिनियुक्त करना

*605. श्री शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-97 पारू)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत पारू सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (CHC) में वर्तमान में विशेषज्ञ डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति नहीं हैं, जिसके कारण स्थानीय रोगियों को सामान्य व गंभीर

बीमारियों के इलाज के लिये सुदूर जिला मुख्यालय या निजी अस्पतालों की शरण लेनी पड़ती है यदि हाँ, तो सरकार जनहित में पारू CHC में विशेषज्ञ डॉक्टरों के रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------------

ट्रांसफॉर्मर अपग्रेडेशन करना

*606. श्री साम्रीद वर्मा (क्षेत्र संख्या-09 सिकटा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अन्तर्गत सिकटा (09) विधान सभा क्षेत्र के सिकटा एवं मैनाटांड प्रखंडों में पिछले कई दिनों से उपभोक्ताओं और किसानों को अनियमित बिजली आपूर्ति मिल रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्थानीय 33/11 केवी उप-केन्द्रों (Sub-Station)में क्षमता से अधिक लोड होने, बार-बार होने वाले 'लोकल फॉल्ट' और जर्जर तारों के न बदले जाने के कारण प्रतिदिन घंटों अघोषित बिजली कटौती की जा रही है, जिससे इस भीषण गर्मी में जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सिकटा एवं मैनाटांड प्रखंडों के सभी राजस्व गांवों में निर्बाध (Uninterrupted) बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, ट्रांसफॉर्मर अपग्रेडेशन और बुनियादी ढांचे को दुरूस्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पावर ग्रिड सब-स्टेशन का निर्माण कराना

*607. श्री मुरारी पासवान (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ०जा०)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के पीरपैंती विधान सभा क्षेत्र (संख्या 154) में अत्यधिक दूरी के कारण विद्युत आपूर्ति और लो-वोल्टेज की गंभीर समस्या बनी रहती है, क्योंकि पीरपैंती से कहलगांव सब-स्टेशन की दूरी 35 किलो मीटर और बाराहाट 25 किलो मीटर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र में लंबी 33 (KV) लाइन के कारण आये दिन तकनीकी ब्रेकडाउन और लाइन फोल्ड होते रहता है, जिन्हें ढूंढने और ठीक करने में अत्यधिक समय लगने से पूरा क्षेत्र घंटों अंधेरे में ही डूबा रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीरपैंती प्रखण्ड की विकट विद्युत समस्या के स्थाई समाधान हेतु पीरपैंती में नया 132/133 KV ग्रिड सब-स्टेशन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------------

धर्मशाला का निर्माण

*608. श्री रजनीश कुमार (क्षेत्र संख्या-143 तेघड़ा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत गंगा नदी तट पर तेघड़ा अयोध्या घाट बेगूसराय, समस्तीपुर आदि के सनातन धर्मावलंबियों के आस्था एवं श्रद्धा का महत्वपूर्ण स्थल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हिन्दु पंचांग के पूर्णिमा और अमावस्या तिथि सहित सभी मांगलिक तिथियों को उक्त घाट पर स्नान, मुंडन आदि कार्यों के लिये बड़ी संख्या में भीड़ जुटती है, किन्तु सामान्य नागरिक सुविधा से संबंधित किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तेघड़ा अयोध्या घाट पर पर्यटकों के लिये सड़क, प्रकाश, पेयजल, शौचालय एवं धर्मशाला का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बिजली उपलब्ध करना

*609. मो० गुलाम सरवर (क्षेत्र संख्या-57 बायसी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला अन्तर्गत डगरूआ प्रखण्ड के अधकेली पंचायत के भखरी गांव एवं मजगामा पंचायत के बछरदह वार्ड नं० 9 में लगे कृषि ट्रांसफॉर्मर पिछले 1 वर्ष से जला रहने के कारण किसानों की फसल बर्बाद हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्डों में आवेदन करने के बावजूद हजारों किसानों को महीनों तक कृषि कनेक्शन और ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध नहीं कराये गये हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक बायसी एवं डगरूआ प्रखंड के उपरोक्त स्थानों के किसानों को कृषि बिजली उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*610. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां (अ०जा०))--क्या मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बोचहां एवं मुसहरी प्रखंड की विभिन्न पंचायतों एवं गांवों में जर्जर विद्युत पोल, तार, केबल, नंगे तारों से बिजली आपूर्ति थ्री-फेज लाइन एवं कृषि विद्युत व्यवस्था के अभाव, लो-वोल्टेज तथा अन्य अधोसंरचना संबंधी गंभीर समस्याओं के समाधान के लिये प्रश्नकर्ता के पत्रांक Res/274/26, दिनांक 4 जून, 2026 को उत्तर बिहार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (NBPDCL) के प्रबंध निदेशक को विस्तृत विवरण संलग्न कर लिखा गया, परंतु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है जबकि माननीय सदस्य के पत्र पर कार्रवाई कर एक माह के अंदर माननीय सदस्य को सूचित करने का प्रावधान है, यदि हाँ, तो कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*611. श्री केदार नाथ सिंह (क्षेत्र संख्या-115 बनियापुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड अन्तर्गत (1) बसंतपुर पंचायत में वार्ड 2 वार्ड नगर परिषद्, वार्ड नं० 06 नये बसावट वाले क्षेत्र में तार जर्जर रहने के कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित पंचायत एवं नगर परिषद् में तार एवं ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करना

*612. श्री भरत बिन्द (क्षेत्र संख्या-205 भभुआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अन्तर्गत चांद प्रखंड के विउरी पंचायत के ग्राम सिलौटा में उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने से आमजनता स्वास्थ्य लाभ से वंचित हो रहे हैं तथा समय और अर्थ दोनों की हानि उठा रहे हैं यदि हाँ, तो सरकार कबतक कैमूर जिला के चांद प्रखंड के विउरी पंचायत के सिलौटा में उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण

*613. श्री अतिरेक कुमार (क्षेत्र संख्या-78 कुशेश्वरस्थान (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुशेश्वर स्थान में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण असामाजिक तत्व अस्पताल में प्रवेश कर मरीजों को तंग करते हैं, जिससे मरीजों एवं अस्पताल कर्मियों को परेशानी झेलना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चहारदीवारी का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बुनियादी जाँच सुविधाओं की बहाली

*614. मो० सरवर आलम (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत कोचाधामन प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में विशेषज्ञ डॉक्टर (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, सर्जन, शिशु रोग विशेषज्ञ एवं एनेस्थीसिया विशेषज्ञ) तथा आवश्यक संख्या में मेडिकल ऑफिसर प्रतिनियुक्त नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में डिजिटल एक्स-रे अल्ट्रासाउंड की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं तथा जी०एन०एम० (GNM) स्टाफ की कमी है, जिसके कारण मरीजों को जिला अस्पताल या महंगे निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कोचाधामन प्रखंड के (CHC) में विशेषज्ञ डॉक्टरों, मेडिकल अफसरों और जी०एन०एम० की प्रतिनियुक्ति तथा डिजिटल एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड जैसी बुनियादी जाँच सुविधाओं की बहाली कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अंतर्वासी चिकित्सा हेतु कैशलेस

*615. श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-193 बड़हरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के संकल्प सं० 1548, दिनांक 29 मई, 2026 द्वारा बिहार विधान मंडल के वर्तमान एवं पूर्व सदस्यों/ राज्य सरकार के नियमित पदाधिकारियों/कर्मियों एवं उनके आश्रितों तथा पारिवारिक पेंशनरों को बिहार सरकार स्वास्थ्य योजना के अधीन अंतर्वासी चिकित्सा हेतु कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने की मंजूरी दी गयी ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इस योजना के लागू होने की तिथि एवं इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश सरकार कबतक निर्गत करने का विचार रखती है ?

-------------

बिजली आपूर्ति करना

*616. श्री रामेश्वर कुमार महतो (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बाजपट्टी प्रखंड अंतर्गत मधुरापुर पंचायत के महादलित बस्ती के वार्ड नं० 06 में अभीतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है जिसके कारण बस्तीवासियों वालिती को रात के अंधेरा में जीवन गुजारना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गांवों में विद्युतीकरण कर बिजली आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पावर सब-स्टेशन का निर्माण कराना

*617. श्री उदय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के आमस प्रखंड में पावर ग्रीड नहीं होने के कारण प्रखंड में कई महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय सहित लाखों की आबादी को बिजली की समस्या से गुजरना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक गयाजी जिला के आमस प्रखंड में पावर ग्रीड/पावर सब-स्टेशन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तालाबों के सौंदर्यीकरण एवं पार्क जैसी सुविधायें उपलब्ध कराना

*618. श्री त्रिविक्रम नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला ऐतिहासिक सूर्य उपासना एवं लोक आस्था के महापर्व छठ के लिए प्रसिद्ध है तथा औरंगाबाद विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत भरथौली, बाकन, रानी तालाब (देव), सतवत एवं पातालगंगा स्थानीय आस्था, सामाजिक उपयोग एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जहाँ कार्तिक एवं चैती छठ के अवसर पर हजारों श्रद्धालु आते हैं, परन्तु समुचित रख-रखाव, सौंदर्यीकरण एवं बुनियादी सुविधाओं के अभाव मे श्रद्धालुओं को भारी कठिनाइयाँ होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त तालाबों के सौंदर्यीकरण, पक्के छठ घाट, चेंजिंग रुम, पथ-प्रकाश, पेयजल, शौचालय एवं पार्क जैसी सुविधायें उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*619. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत प्राणपुर प्रखंड के प्राणपुर विद्युत उप-केंद्र को आवश्यकता अनुसार विद्युत आपूर्ति नहीं मिल रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राणपुर प्रखंड के लाभा में पावर हाउस निर्माण कार्य एवं मनिहारी से प्राणपुर 33 केवी लाइन जोड़ने का कार्य जो "सुरेंद्र इलेक्ट्रिकल" एजेंसी को मिला है, वह संवेदक एवं विभागीय लापरवाही के कारण अत्यंत धीमा है जिससे क्षेत्र की जनता को विद्युत आपूर्ति में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निविदा शर्तों के आधार पर तय समय सीमा के अंदर वर्णित दोनों कार्यों का निर्माण कार्य एवं दोषी संवेदक एवं अधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सुविधाओं का विकास कराना

*620. श्री रूहेल रंजन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिले के एकंगरसराय प्रखंड स्थित औंगारी धाम मंदिर एक अत्यंत प्राचीन एवं ऐतिहासिक धार्मिक स्थल है, जहाँ प्रत्येक वर्ष विशेषकर छठ महापर्व के अवसर पर लाखों श्रद्धालु दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए आते हैं, किंतु आजतक इसे पर्यटन स्थल घोषित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक औंगारी धाम मंदिर को पर्यटन स्थल घोषित कर श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा हेतु सड़क, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, विश्राम स्थल तथा अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विकास कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*621. श्रीमती अश्वमेध देवी (क्षेत्र संख्या-133 समस्तीपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर स्थित ए०एन०एम० प्रशिक्षण विद्यालय का भवन एवं छात्रावास पुराना एवं जर्जर होने तथा पर्याप्त भवन उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रशिक्षण कार्य के सुचारु संचालन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त संस्थान के भवन एवं छात्रावास के पुनर्निर्माण तथा आवश्यक अतिरिक्त भवन के निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

रोपवे का निर्माण

*622. श्रीमती मनोरमा देवी (क्षेत्र संख्या-232 बेलागंज)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अन्तर्गत बेलागंज विधान सभा क्षेत्र के नगर प्रखंड में विश्व प्रसिद्ध प्रेत शिला पर्वत लगभग 900 फीट की ऊंचाई पर अवस्थित है, जहां प्रत्येक दिन देश-विदेश से हजारों पर्यटक आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पर्वत पर चढ़ने में पर्यटकों को काफी कठिनाई होती है, जिसे देखते हुए सरकार द्वारा रोपवे निर्माण का निर्णय लिया गया है, परंतु रोपवे निर्माण कार्य विगत दो वर्षों से लंबित है, जिससे पर्यटकों को काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु पर्यटकीय सुविधा के तहत पूर्व से स्वीकृत प्रेत शिला पर्वत पर रोपवे का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चत करना

*623. श्री आसिफ (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी विधान सभा क्षेत्र के बिस्फी एवं रहिका प्रखंड में लगातार बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, बार-बार ट्रांसफॉर्मर जलने एवं अन्य तकनीकी समस्याओं के कारण आमजनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बिस्फी एवं रहिका प्रखंड में जर्जर विद्युत् तारों के प्रतिस्थापन, आवश्यकतानुसार नए एवं उच्च क्षमता के ट्रांसफॉर्मरों की स्थापना, विद्युत् वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा नियमित एवं निर्बाध विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ब्लड बैंक की व्यवस्था

*624. श्री बाबुलाल शौर्य (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC), परबत्ता में ब्लड बैंक, डायलिसिस सेंटर, गुणवत्ता वाली डिजिटल एक्स-रे मशीन, ब्लड जाँच मशीन नहीं होने के कारण लोगों को ससमय उपचार नहीं मिल पाता है एवं निजी क्लीनिक पर जाकर सुविधा प्राप्त करना पड़ता है, जिससे असुविधा के साथ-साथ खर्च का भी बोझ उठाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (PHC), परबत्ता में ब्लड बैंक, डायलिसिस सेंटर, गुणवत्ता वाली डिजिटल एक्स-रे मशीन के साथ ब्लड जाँच की व्यवस्था कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अनुमंडलीय अस्पताल में उत्क्रमित करना

*625. श्री गौतम कृष्ण (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिले के नौहट्टा प्रखंड का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (CHC) कोसी तटबंध के अंदर एवं आस-पास की बड़ी आबादी के लिए एकमात्र प्रमुख सरकारी स्वास्थ्य केंद्र है तथा वर्तमान स्वास्थ्य सुविधाएं, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता एवं संसाधन क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नौहट्टा को 100 शैय्या (बेड) वाले अनुमंडल स्तरीय अस्पताल के रूप में उत्क्रमित करने तथा वहां आवश्यक विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा राशि देना

*626. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के शाहपुर पटोरी प्रखंड के बहादुरपुर पटोरी निवासी माला कुमारी, पति-रौशन कुमार की दिनांक 20 जून, 2024 को जहरीला सांप के काटने से मृत्यु हो गयी थी जिसका पटोरी थाना कांड सं० 005/24, दिनांक 21 जून, 2024 दर्ज है, परंतु अभीतक मृतक के परिवार को मुआवजा की राशि नहीं मिलने से उनके समक्ष वित्तीय संकट उत्पन्न हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपरोक्त मृतक के परिवार को सरकारी मुआवजा राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रॉमा सेंटर स्थापित करना

*627. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला अंतर्गत एन०एच० 27 के कोन्हवां मोड़ से उत्तर प्रदेश की सीमा पर बथना कुटी तक कोई भी ट्रॉमा सेंटर स्थापित नहीं रहने के कारण आये दिन NH-27 के समीप सड़क दुर्घटना होती रहती है, किन्तु ससमय बेहतर इलाज के अभाव में पटना या गोरखपुर जाने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा NH पर प्रत्येक 40 किलो मीटर के दायरे में ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने का प्रावधान है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गोपालगंज जिला अंतर्गत NH-27 में कोन्हवां मोड़ से बथना कुटी के मध्य कुचायकोट में ट्रॉमा सेंटर स्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दवाइयों का आपूर्ति करना

*628. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप-केंद्रों में मरीजों को जीवन रक्षक सहित विभिन्न दवाइयों की आपूर्ति निःशुल्क की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 'serum-Rabies immunoglobulin' गंभीर रूप से कुत्ता काटने एवं 'Factor viii concentrate' दवाई की जरूरत bleeding रोकने के लिए मरीजों को की जाती है, लेकिन उसकी आपूर्ति वर्षों से नहीं हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक दोनों दवाइयों की आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना

*629. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह (क्षेत्र संख्या-144 मटिहानी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बरौनी प्रखण्ड में स्मृति रोज परमेश्वरी देवी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, केशावे एवं मटिहानी प्रखण्ड में स्मृति शेष डेजी सिंह अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कलहपुर अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों अस्पतालों में स्वास्थ्य विभाग मानक के अनुरूप चिकित्सक, नर्स सहित मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में चिकित्सक, नर्स सहित मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*630. श्रीमती करिश्मा (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत परसा ब्लॉक के CHC में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं राज्य सरकार के मानक अनुसार सफाई कार्य हेतु आठ से बारह सफाईकर्मी की आवश्यकता है जबकि वर्तमान में आउटसोर्सिंग एजेंसी द्वारा केवल 2 सफाईकर्मी ही उपलब्ध कराये जा रहे हैं, जिसके कारण उक्त केंद्र के परिसर में गंदगी और कचरा के कारण संक्रमण और बीमारियों का खतरा कई गुणा बढ़ गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आउटसोर्सिंग एजेंसी मानक से कम स्टाफ देकर सरकार एवं जनता दोनों के साथ धोखधाड़ी कर रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एजेंसी पर कार्रवाई करने तथा मानक के अनुसार सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र, परसा (CHC) में सफाईकर्मी की तैनाती सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पूर्ण स्थापित करना

*631. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत सौर बाजार प्रखंड, कहरा प्रखंड तथा नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न गांवों/क्षेत्रों में बिजली विभाग के द्वारा लोगों के निजी जमीन पर बिजली के पोल गाड़ दिए गए हैं, जब भू-स्वामी द्वारा अपने जमीन पर घर बनाने के पूर्व पोल उखाड़ने के लिए बिजली विभाग से अनुमति मांगते हैं तो इसके एवज में बिजली विभाग द्वारा इनसे मुआवजा की मांग करते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षेत्रों में घरों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के नंगे तारों को निजी ग्रामीण के जमीन से हटाकर स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्युत तार लगाना

*632. श्रीमती छोटी कुमारी (क्षेत्र संख्या-118 छपरा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा समाहरणालय परिसर के आस-पास सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिना कवर (नंगे) बिजली के तार लगे हुए हैं, जिससे दुर्घटना एवं जनहानि की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थलों के नंगे तारों को एबी (AB) केबल अथवा अन्य सुरक्षित विद्युत केबल से बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अनुग्रह अनुदान का राशि

*633. मो० आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रसीक लाल राम, पिता-रूधन लाल राम, क्षतियौना मंडल टोला, वार्ड नं० 10, थाना-रानीगंज, जिला-अररिया का निधन दिनांक 26 जून, 2026 को मवेशी चराने के क्रम में 11000 वोल्ट के विद्युत तार के स्पर्शाघात से हो जाने के फलस्वरूप मृतक के आश्रित सुशीला देवी को अबतक सरकारी अनुदान की राशि नहीं मिला है, जिसके कारण आश्रित के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित मृतक के आश्रित को सरकारी अनुदान का राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्थान पर स्थानांतरित करना

*634. श्री अविनाश मंगलम (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के रानीगंज प्रखंड के बसैठी बाजार में मुख्य सड़क पर ही विद्युत ट्रांसफॉर्मर स्थापित है, जिससे राहगीरों, दुकानदारों एवं बाजार आने-जाने वाले लोगों को हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है, साथ ही यातायात बाधित होता है तथा बरसात एवं अन्य परिस्थितियों में जन-धन की क्षति की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ट्रांसफॉर्मर को मुख्य सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*635. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के पिपरा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम-अमहा, प्रखंड-सुपौल, ग्राम पं०-बौराहा के ग्राम-बौराहा प्रखंड किशनपुर तथा पिपरा प्रखंड के ग्राम बेलोखरा वार्ड नं० 01 में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण स्थानीय आमजन को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के लिए काफी दूर जाना पड़ता है जिस वजह से रोगियों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों में एक-एक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पोल तार लगाकर

*636. श्री विशाल कुमार (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्षा के अभाव में राज्य के किसानों द्वारा विद्युत पम्प से बड़े पैमाने पर खेतों की सिंचाई की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नरकटिया विधान सभा क्षेत्र के बंजरिया प्रखण्ड अंतर्गत शरारती तत्वों द्वारा विद्युत पोल का तार काट दिया जाता है जिसे किसानों के पटवन में कठिनाई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों के पटवन हेतु विद्युत पोल पर तार लगाकर निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

डॉक्टरों का प्रतिनियुक्ति

*637. श्री सतीश कुमार सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रामगढ़ विधान सभा अंतर्गत रेफरल अस्पताल, रामगढ़ में डॉक्टरों के 13 पद स्वीकृत के विरुद्ध 2 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दुर्गावती में 13 पद स्वीकृत के विरुद्ध एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नुआँव में 11 स्वीकृत पद के विरुद्ध 3 डॉक्टर कार्यरत हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि रेफरल अस्पताल, रामगढ़ के चिकित्सा प्रभारी जो होम्योपैथ के डॉक्टर हैं और प्रखंड नुआँव में प्रतिनियुक्त हैं जो प्रतिनियुक्ति पर विगत 12 साल से अधिक समय से रेफरल अस्पताल, रामगढ़ के प्रभारी हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रेफरल अस्पताल, रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दुर्गावती एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नुआँव में डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति करने एवं रेफरल अस्पताल, रामगढ़ का 12 साल से प्रभारी बने होम्योपैथ के डॉक्टर को हटाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सौन्दर्यीकरण आदि कार्यों

*638. श्री सिद्धार्थ पटेल (क्षेत्र संख्या-125 वैशाली)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत वैशाली स्थित विश्व शान्ति स्तूप का रख-रखाव, देखभाल, सौन्दर्यीकरण के साथ-साथ संचालन का कार्य जापान की संस्था नेपोजंन अयो हो जी द्वारा की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत वर्षों से विश्व शान्ति स्तूप का उक्त संस्था द्वारा सही से देखभाल नहीं किये जाने के कारण स्तूप की चहारदीवारी क्षतिग्रस्त तथा रंग-रोगन आदि कार्य नहीं होने के कारण पर्यटकगण में रोष है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विश्व शान्ति स्तूप के रख-रखाव, देखभाल, सौन्दर्यीकरण आदि कार्यों को अपने स्तर से कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आश्रितों का संतप्त अनुदान

*639. श्री राजेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-137 मोहिउद्दीननगर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में 440 या 11 हजार वोल्ट के स्पर्शाघात से मृत्यु मामले में ही मृतक संतप्त अनुदान भुगतान दी जाती है तथा अन्य मामलों में नहीं, यदि हाँ, तो सरकार विद्युत् स्पर्शाघात से मृत्यु के अन्य मामलों में भी मृतक के आश्रितों को संतप्त अनुदान देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन एवं कार्यालय बनाना

*640. श्री राजेश कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विधान सभा क्षेत्र सुगौली (जिला-पूर्वी चम्पारण) अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सुगौली में वर्षों पूर्व निर्मित आवासीय भवन काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार नये आवासीय भवन एवं कार्यालय बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मशीन का स्थापना

*641. श्री राधाचरण साह (क्षेत्र संख्या-192 संदेश)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला मॉडल सदर अस्पताल, आरा में ब्लड कंपोनेन्ट सेपरेटर मशीन उपलब्ध नहीं रहने के कारण मरीजों को पटना रेफर करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार मॉडल सदर अस्पताल, आरा में ब्लड कंपोनेन्ट सेपरेटर मशीन की स्थापना शीघ्र करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जर्जर विद्युत् तार का रिकंडक्टरिंग करना

*642. मो0 कमरूल होदा (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के प्रखंड-पोठिया अंतर्गत अवस्थित सभी 22 पंचायत के विभिन्न गाँव में वर्ष 2007 से 2015 तक लगाए गये विद्युत् तार की वर्तमान भौतिक स्थिति काफी जर्जर है लेकिन अबतक उसका रिकंडक्टरिंग नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रिकंडक्टरिंग नहीं होने के कारण पुराने तार में आए दिन स्पार्किंग होने, तार टूटकर गिरने, आग लगने की घटनाएं हो रही है तथा उपभोक्ताओं को विद्युत् आपूर्ति में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पोठिया प्रखंड में सभी जर्जर विद्युत् तारों के रिकंडक्टरिंग (केबल तार से) करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर अधिष्ठापित करना

*643. श्री अख्तरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत बैसा प्रखंड के मालोपाड़ा पंचायत के वार्ड नं0 11 एवं वार्ड नं0 8 में बिजली तार जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों वार्ड में उपभोक्ताओं की संख्या अधिक होने के कारण पूर्व से अधिष्ठापित ट्रांसफॉर्मर में भार क्षमता अधिक होने से विद्युत् आपूर्ति नियमित नहीं मिल पाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वार्डों में बिजली तार बदलने एवं अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर अधिष्ठापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कुंडवा महादेव मंदिर को पर्यटन स्थल घोषित करने के संबंध में

*644. श्री राकेश रंजन (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के बिलौटी पंचायत स्थित प्राचीन कुंडवा महादेव मंदिर, ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल है, जहाँ महाशिवरात्रि, सावन एवं अन्य धार्मिक अवसरों पर भोजपुर के अलावा आसपास के कई जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन हेतु आते हैं, जहाँ पहुंचने वाले पर्यटकों/श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाओं (जैसे सामुदायिक भवन/यात्री शेड, शुद्ध पेयजल, सार्वजनिक शौचालय, मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण एवं प्रकाश व्यवस्था) का अभाव है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थल को धार्मिक राजकीय पर्यटन मानचित्र पर शामिल करते हुए इसके सर्वांगीण विकास एवं सौंदर्यीकरण हेतु कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अस्पताल में सुविधाएं देना

*645. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के तेतरिया प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तेतरिया का नया उच्चस्तरीय भवन बनकर तैयार है लेकिन अस्पताल में जाँच की व्यवस्था, साफ-सफाई एवं जेनरेटर की व्यवस्था एवं अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नहीं होने से मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में सिर्फ 2 (दो) एमबीबीएस चिकित्सक हैं एवं एक भी विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है जिससे इस क्षेत्र के लोगों को इलाज करवाने बहुत दूर चकिया या मोतिहारी जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों को प्रतिनियुक्ति कराने एवं अस्पताल की मूलभूत सुविधाएं शीघ्र बहाल कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सब-स्टेशन स्थापित करना

*646. मो0 फैसल रहमान (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के ढाका विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ढाका प्रखंड के भंडार ग्राम में वर्ष 2015-16 में विद्युत् पावर सब-स्टेशन की स्थापना हेतु अनुशंसा की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर सब-स्टेशन की स्थापना की प्रक्रिया वर्ष 2022-23 में प्रारंभ की गई किन्तु बाद में किसी कारणवश स्थगित हो गई, जिससे क्षेत्र के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत् आपूर्ति का लाभ नहीं मिल सका ;

(3) यदि उपर्युक्त खंड (1) एवं (2) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार भंडार ग्राम में प्रस्तावित विद्युत् पावर सब-स्टेशन स्थापित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*647. श्री सुरेंद्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-01 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिले के ठकराहा प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी 18 वर्षों से एक ही स्थान पर लगातार पदस्थापित रहने के कारण उनके द्वारा केंद्र का संचालन मनमाने ढंग से किया जा रहा है, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है और स्थानीय जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने तथा उक्त प्रभारी का अविलंब स्थानांतरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

तारों को छतों से हटाकर

*648. श्री शुभानंद मुकेश (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव प्रखंड अंतर्गत के भोलसर पंचायत के ग्राम-नया टोला भोलसर (वार्ड नं0 08) में ग्रामीणों के घरों की छतों के ऊपर 11,000 वोल्ट (11 KV) की हाई टेंशन बिजली की तार गुजरने के कारण लगातार अप्रिय घटनाएं घट रही हैं और जान-माल का गंभीर खतरा बना हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तारों के कारण स्थानीय ग्रामीणों को अपने घरों के ऊपर निर्माण कार्य कराने में समस्या आ रही है, जबकि मकानों के आगे 20 फीट की दूरी पर गाँव की पक्की पी0सी0सी0 (P.C.C.) सड़क उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित और सुरक्षा को देखते हुए उक्त तारों को छतों से हटाकर सड़क के किनारे शिफ्ट कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति चालू करना

*649. श्री आदित्य कुमार (क्षेत्र संख्या-92 सकरा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंडान्तर्गत ग्रामीणों द्वारा दान में दिये गये डेढ़ एकड़ जमीन पर पंचायत द्वारा निर्मित दो कमरों में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रतनपुर की स्थापना 27 मई, 1988 को की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ओ0पी0डी0 दो वर्षों से बंद रहने एवं विगत 6 माह से प्रतिनियुक्त नर्सिंग स्टाफ के नहीं आने से स्थानीय लोग चिकित्सा लाभ से वंचित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में अतिरिक्त प्रा0स्वा0 केन्द्र, रतनपुर में चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ की प्रतिनियुक्ति कर उसे चालू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*650. श्री देवेशकान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार के संकल्पानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन औसतन 22-23 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति का लक्ष्य निर्धारित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के गोरेयाकोठी एवं लकड़ी नबीगंज प्रखंडों में मात्र 10-12 घंटे बिजली मिल रही है, जिसमें 45 से 145 वोल्ट रहने के कारण पंखे, मोटर एवं ए0सी0 चलने में कठिनाई होती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि गोरेयाकोठी प्रखंड के हुलास छपरा, गो0 दुबेटोला सहित 29 गांवों तथा लकड़ी नबीगंज के मराछी, उज्जैन सहित 18 गांवों में जर्जर तार टूट रहे हैं, जिससे बिजली बाधित रहती है और बड़ी दुर्घटना की आंशका बनी रहती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिचित करने तथा सभी गांवों के जर्जर तार एवं ओवरलोडेड ट्रांसफॉर्मर कबतक बदलने का विचार रखती नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण

*651. श्रीमती संगीता देवी (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बलरामपुर प्रखंड के तेलता प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के नये भवन का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा है तथा चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की कमी एवं नियमित अनुपस्थिति के कारण आमजनता को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार तेलता प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराकर इसका संचालन नये भवन में प्रारंभ करने तथा उक्त स्वास्थ्य केंन्द्र में चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के सभी रिक्त पदों पर शीघ्र बहाली तथा चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का विचार रखती है ?

---

उपस्थिति सुनिश्चित करना

*652. श्री संजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिले के सिमरी बख्तिारपुर विधान सभा क्षेत्र में लगभग सभी स्वास्थ्य केन्द्र/स्वास्थ्य उप-केन्द्रों में डॉक्टरों एवं नर्सों की घोर कमी है, जिस कारण इलाज कराने आने वाले गरीब मरीजों को बिना इलाज कराये ही वापस लौटना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सलखुआ स्वास्थ्य केन्द्र एवं कबीरा पंचायत के स्वास्थ्य उप-केन्द्र में प्रतिनियुक्त डॉक्टर एवं नर्स नहीं रहते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में सिमरी बख्तियारपुर विधान सभा क्षेत्र के कबीरा पंचायत के ग्राम भाप बाजार स्थित स्वा0 केन्द्र एवं सोनपुरा ग्राम स्थित PHC में डॉक्टरों एवं नर्सों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर की स्थापना

*653. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखंड के ग्राम पंचायत पदमा के वार्ड-08 निवासी श्री गोविंद कुमार पंडित को राज्य सरकार द्वारा वर्ष-2022-2023 में उद्यम स्थापना हेतु जमीन उपलब्ध कर ली गयी है जिसपर स्थापित गोविंद ऑयल मिल को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु अलग विद्युत् ट्रांसफॉर्मर की आवश्यकता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उद्यमी द्वारा अलग ट्रांसफॉर्मर की स्थापना हेतु संबंधित विद्युत् आपूर्ति प्रमंडल, JE, एवं कार्यपालक अभियंता के समक्ष आवेदन किये जाने के बाद भी ट्रांसफॉर्मर की स्थापना नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त औद्योगिक इकाई के निर्बाध संचालन हेतु पृथक विद्युत् ट्रांसफॉर्मर की स्थापना करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना

*654. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के गौड़ाबौराम प्रखंड में 3 और किरतपुर प्रखंड में 5 ''पारंपरिक जल स्रोतों के जीर्णोद्धार'' के कार्य वर्तमान में चल रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इन जीर्णोद्धार किये जा रहे तालाबों/पोखरों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवनों का मरम्मतीकरण कराना

*655. श्री रोहित पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर स्थित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (मायागंज) में छात्र-छात्राओं के लिये उपलब्ध छात्रावास जर्जर अवस्था में हैं तथा महाविद्यालय एवं अस्पताल के कई भवन भी जर्जर स्थिति में होने के कारण छात्रों चिकित्सकों, कर्मियों एवं मरीजों की सुरक्षा एवं सुविधाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार छात्र-छात्राओं के लिये नये छात्रावासों के निर्माण तथा जवाहरलाल नेहरू चिकित्सक महाविद्यालय एवं अस्पताल (मायागंज) के जर्जर भवनों का मरम्मतीकरण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भुगतान कराना

*656. श्री हरिनारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत कुण्डलपुर महोत्सव एवं मकर मेला 2026 का आयोजन जिला प्रशासन नालन्दा द्वारा कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त महोत्सव/मेला में कलाकारों का चयन जिला प्रशासन नालन्दा ने किया है, परंतु उपरोक्त/मेला में कलाकरों का भुगतान अभीतक नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कलाकरों को भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पोल तार ट्रांसफॉर्मर लगाना

*657. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत चिरैया एवं पताही प्रखंड के किसानों ने कृषि सिंचाई हेतु विद्युत् उपभोक्ता का मानक पूरा किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कृषि विद्युत् उपभोक्ता बनने के बाद भी किसानों के खेतों तक पोल, तार एवं ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति नहीं हुई है, जिससे किसानों को सिंचाई करने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में पोल तार एवं ट्रांसफॉर्मर लगवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटकीय सुविधा विकसित करना

*658. श्री इन्द्रदेव सिंह (क्षेत्र संख्या-110 बड़हरिया)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत प्रखंड बड़हरिया के सुप्रसिद्ध यामुनागढ़ देवी माँ स्थान, कोइरीगावां, बड़हरिया में अवस्थित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि यामुनागढ़ देवी माँ की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है एवं दूर-दूर से यहां तक उत्तर प्रदेश और नेपाल से श्रद्धालु पूजा पाठ एवं दर्शन के लिये आते है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यामुनागढ़ देवी माँ कोइरीगावां में पर्यटकीय सुविधा विकसित करते हुये पर्यटन सूची में शामिल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पदों पर बहाली करना

*659. श्री अमरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 28 अप्रील, 2026 के अंक में छपीं खबर के शीर्षक ''बिहार में स्वीकृत पदों की तुलना में 45% ही डॉक्टर'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में सरकारी चिकित्सकों के 21,821 स्वीकृत पदों के विरुद्ध मात्र 9,568 चिकित्सक एवं 21,137 ग्रेड ए के नर्सों के स्वीकृत पदों के विरुद्ध मात्र 9,315 नर्स ही कार्यरत हैं ;

(2) क्या यह बात सही है सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम 2026 की रिपोर्ट के अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सकों और प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की कमी के कारण राज्य में 67.8% मरीज असमय दम तोड़ देते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक चिकित्सकों और नर्सों के रिक्त पदों पर बहाली कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*660. श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री कृषि सिंचाई विद्युतीकरण योजनान्तर्गत नालन्दा जिला के अस्थावां, सरमेरा, बिन्द एवं कतरी सराय प्रखंडों में कार्य किया जाना था जिसकी अंतिम तिथि सितम्बर, 2025 निर्धारित थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के आलोक में वर्णित चारों प्रखंडों में कार्य सम्पन्न नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुख्यमंत्री की इस लोकप्रिय योजना का पूर्णरूप से क्रियान्वयन नहीं किये जाने के लिये दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?.

-------------

मुआवजा का प्रावधान करना

*661. श्री राहुल कुमार (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खलिहान में अगलगी की घटना के बाद सरकार फसल का मुआवजा देती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह मुआवजा खलिहान में पड़े पुआल या भूसा के लिये नहीं दिया जाता है जबकि पुआल और भूसा दोनों किसान के कमाई का 20% हिस्सा होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुआल/भूसा के लिये भी मुआवजा का प्रावधान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषियों पर कार्रवाई करना

*662. श्री गोपाल कुमार अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-53 ठाकुरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा उत्तम स्वास्थ्य व्यवस्था हेतु ठाकुरगंज विधान सभा क्षेत्र के ठाकुरगंज एवं दिघलबैंक प्रखंड में बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड (बी0 एम0 एस0 आई0 सी0 एल0) द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 14 हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर (एच0 डब्लू0 सी0) का निर्माण कार्य हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त निर्माण कार्य में गुणवत्तापूर्ण सामग्रियों का उपयोग नहीं करते हुए मानकों के प्रतिकूल सामग्रियों का इस्तेमाल निर्माण कार्य में किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त केन्द्रों के निर्माण कार्य मे हो रही अनियमितताओं की जाँच कराते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

तारों को शीघ्र बदलना

*663. श्री रोमित कुमार (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिले के मोहड़ा प्रखंड अंतर्गत सेवतर पंचायत के वार्ड संख्या-13 में नदी किनारे से रिऊला महादलित टोला होते हुए ठाकुरबाड़ी तक लगे विद्युत तार अत्यंत जर्जर हो चुके हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर विद्युत तारों को शीघ्र बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

टीके की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित कराना

*664. श्री विनय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत सोनपुर रेफरल (अनुमंडलीय) अस्पताल में रैबीज (Anti-Rabies Vaccine) का टीका कई अवसरों पर उपलब्ध नहीं रहने के कारण कुत्ता, बंदर एवं अन्य पशुओं के काटने वाले मरीजों को उपचार हेतु निजी अस्पतालों अथवा अन्य सरकारी अस्पतालों में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सोनपुर रेफरल (अनुमंडलीय) अस्पताल में रैबीज टीके की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु स्थायी व्यवस्था का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पावर हाउस स्थापित करना

*665. श्री विजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत बरारी विधान सभा के बरारी प्रखंड में सुजापुर सहित 8 पंचायत, जिसकी आबादी 1 लाख से अधिक है परन्तु इस क्षेत्र में पावर हाउस नहीं होने के कारण अभी तक इन पंचायतों में पूर्ण रूप से बिजली आपूर्ति नहीं हो पा पाई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सुजापुर पंचायत में पावर हाउस की स्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

एम्बुलेंस उपलब्ध करना

*666. श्री पप्पु कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस उपलब्ध करायी जा रही है, यदि हाँ, तो अरवल जिले के कुर्था विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड कुर्था, करपी तथा वंशी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*667. श्री राजेश कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मनीगाछी का भवन जर्जर रहने के कारण रोगियों का इलाज करने में चिकित्सकों को कठिनाइयाँ हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति नहीं हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मनीगाछी में विशेषज्ञ चिकित्सक का पदस्थापन करने के साथ उक्त अस्पताल का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का पुनर्निर्माण करना

*668. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अंतर्गत चेनारी प्रखंड स्थित 33/11 केवी पी0 एस0 एस0, चेनारी में नए कंट्रोल रूप भवन एवं परिसर की चहारदीवारी का निर्माण लगभग एक वर्ष पूर्व कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्माण कार्य में संवेदक एवं संबंधित सिविल अभियंता द्वारा घोर अनियमितता बरती गई, जिसके कारण निर्माण के मात्र एक वर्ष के भीतर ही कंट्रोल रूम भवन एवं चहारदीवारी जर्जर हो गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराकर दोषी संवेदक एवं संबंधित अभियंताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा भवन एवं चहारदीवारी का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का पुनर्निर्माण करना

*669. श्री रितुराज कुमार (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अंतर्गत घोसी प्रखंड के गोड़सर स्थित रेफरल अस्पताल जो प्रखंड का एकमात्र प्रमुख अस्पताल है, उसकी चहारदीवारी पिछले लगभग एक वर्ष से टूटी हुई है, जिससे अस्पताल की सुरक्षा एवं व्यवस्था प्रभावित हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त रेफरल अस्पताल की चहारदीवारी का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बनाना

*670. मोहम्मद मुर्शिद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जोकीहाट में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उक्त प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित कनीय चिकित्सा पदाधिकारी को बनाया गया है जबकि उक्त प्रखंड के अन्य अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उक्त चिकित्सा पदाधिकारी से वरीय चिकित्सा पदाधिकारी पदस्थापित हैं जो कि विभागीय नियम का उल्लंघन है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक विभागीय नियम का उल्लंघन करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जोकीहाट में वरीय चिकित्सा पदाधिकारी को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटक स्थल घोषित करना

*671. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत मेह पंचायत के मेह ग्राम में शिव सागरधाम मंदिर में प्रगट शिवजी का पूजा अर्चना करने हजारों पर्यटक तथा श्रद्धालु आते हैं, जिसकी उत्पत्ति कैनाल निर्माण के क्रम में शिवलिंग प्रकट हुआ था जिसके कारण कैनाल इस स्थल से हटाकर बनाया गया था, यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त शिवसागर धाम को पर्यटक स्थल घोषित करने का कबतक विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

--------

सेवा सम्पुष्ट करना

*672. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग की अधिसूचना संख्या-303 (आ० चि०), दिनांक 14 मार्च, 2024 द्वारा राज्य में बिहार आयुष चिकित्सा सेवा सम्वर्ग के अंतर्गत कुल 877 पदों पर होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी, परंतु दो वर्ष से अधिक बीत जाने के बावजूद अभीतक उनकी सेवा सम्पुष्टि नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अधिसूचना संख्या-303 (आ० चि०), दिनांक 14 मार्च, 2024 द्वारा नियुक्त होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारियों की सेवा सम्पुष्ट करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कभर युक्त तार लगवाना

*673. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड-काराकाट, पंचायत-किरही के ग्राम-गेरा में पूर्व से स्थापित पोल पर विद्युत तार की स्थिति बिल्कुल जर्जर हो चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पोल पर खिचें गए विद्युत तार जहाँ-तहाँ टूटकर आए दिन गिरते रहते हैं, जिस कारण विद्युत आपूर्ति की समस्या एवं कभी भी बड़ी दुर्घटना घटने की संभावना बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में स्थापित विद्युत पोलों पर पूर्व से लगाये गये तारों के स्थान पर कभर युक्त तार लगवाने का विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना

*674. श्री माधव आनंद (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के पंडौल स्थित प्राथमिक केंद्र (पीएचसी) में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं एवं आधारभूत संरचना का अभाव है, जिससे मरीजों को समुचित उपचार एवं देखभाल में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पंडौल को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं करने, रोगी कक्षों का आधुनिकीकरण करने तथा आवश्यक चिकित्सा उपकरण एवं संसाधन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चिकित्सकों का पदस्थापना कराना

*675. श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह (क्षेत्र संख्या-109 दारौंदा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत दरौंदा प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , दरौंदा में प्रतिमाह लगभग 4000 मरीजों का उपचार किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिनियुक्त चार चिकित्सकों का स्थानांतरण कर दिया गया है तथा उनके स्थान पर किसी चिकित्सक का पदस्थापना नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चिकित्सकों के अभाव में मरीजों को हो रही कठिनाइयों को देखते हुए उक्त स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों का पदस्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ICU उपलब्ध कराना

*676. श्री रामानन्द मंडल(क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढ़ा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा प्रखण्ड अन्तर्गत 24 पंचायत एवं 01 नगर परिषद् में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उक्त प्रखंड की पूरी आबादी इलाज एवं इमरजेंसी सेवा हेतु आश्रित है, साथ ही उक्त अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक के अभाव ,बेड की कमी, ऑपरेशन थियेटर एवं ICU उपलब्ध नहीं रहने के कारण अधिकांशतः मरीजों को चिकित्सकों द्वारा अन्य अस्पतालों में रेफर किया जाता है जिससे परिजन को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, साथ ही बगल में NH-80 है जिसपर बराबर दुर्घटनाएँ होती रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक, बेड, ऑपरेशन थियेटर एवं ICU उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा/क्षतिपूर्ति देना

*677. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलांतर्गत प्रखंड-वारिसलीगंज के ग्राम-मीरचक, गोड़ापर, पैंगरी,, बेलढा इत्यादि ग्रामों में मई, 2026 में आग लगने से सैकड़ों एकड़ गेंहू की फसल जलकर राख हो गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रभारी अंचलाधिकारी, वारिसलीगंज के द्वारा उक्त आगजनी में जले गेंहू का मूल्यांकन किया गया है परन्तु आजतक किसानों को सहायता के रूप में सरकार से रुपयों की भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आगजनी घटना में कृषकों के जले गेहू का मुआवजा/क्षतिपूर्ति देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा की राशि का भुगतान

*678. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या- 191 बिक्रम)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बिक्रम प्रखंड स्थित पंचायत-आराप, ग्राम-नारायणपुर के अविलाख वर्मा, पिता-श्री कड्डी महतो की मृत्यु दिनांक 24 अगस्त, 2025 को सर्प के काटने से एवं प्रखंड-बिक्रम, पंचायत-बेरर, ग्राम-एकबालगंज निसर्पुरा वार्ड नं० 3 के हीरालाल राम, पिता-स्वर्गीय रूपचंद राम की मृत्यु दिनांक 01 सितम्बर, 2024 को सोन नदी में डूबने के कारण हो गया था, जिसका सत्यापन अंचलाधिकारी एवं चिकित्सक द्वारा किये जाने के बावजूद आजतक आश्रित परिवारों को मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मृतक के आश्रितों को मुआवजा राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

रिक्त पदों को भरना

*679. श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दुर्गागंज कदवा (कटिहार) में विशेषज्ञ चिकित्सकों चिकित्सा पदाधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ एवं तकनीकी कर्मियों के स्वीकृत पदों के विरुद्ध अनेक पद रिक्त हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

संचालित करना

*680. श्री मनोज कुमार (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC), बासिलपुर में चिकित्सकों, स्टाफ नर्स, एन.एन.एम., लैब टेक्निशियन, फार्मासिस्ट एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्यकर्मियों के पद रिक्त रहने के कारण रोगियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, यदि हाँ, तो सरकार पीएचसी, बासिलपुर में रिक्त पदों पर चिकित्सकों एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्यकर्मियों की अतिशीघ्र पदस्थापना कर अस्पताल को पूर्ण क्षमता से संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*681. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-231 टिकारी) क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के स्वास्थ्य लेखा प्रबंधक श्री आशुतोष कुमार के द्वारा सरकारी पद का दुरूपयोग करते हुए वित्तीय अनियमितता एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने हेतु बिहार सरकार निगरानी विभाग के ज्ञापांक 7799/पटना, दिनांक 25 नवम्बर, 2025 के माध्यम से अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को पत्र भेजा गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि निगरानी विभाग के उक्त पत्र के आलोक में स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक 84 (12)/ स्वा. पटना, दिनांक 16 जनवरी, 2026 के द्वारा नियमानुसार कार्रवाई कर प्रतिवेदन यथाशीघ्र विभाग को उपलब्ध कराने हेतु कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को लिखा गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कबतक आशुतोष कुमार, जिला स्वास्थ्य लेखा प्रबंधक, गयाजी के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का क्या औचित्य है तथा सरकार कबतक यथोचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण

*682. श्री श्याम रजक (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ०जा०))--क्या मंत्री,स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत प्रखंड-पुनपुन के पंचायत-डुमरी के ग्राम-डुमरी में गाँव से पूरब प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केंद्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्टेट हाईवे बनने के कारण प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केंद्र का जमीन स्टेट हाईवे मे चला गया है, जिस वजह से ग्रामीणों को इलाज हेतु 8 किलो मीटर दूर लखना जाना पड़ता है, जबकि प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केंद्र बनाने हेतु प्राथमिक विद्यालय के बगल में गैर-मजरुआ जमीन उपलब्ध है, जिसका प्लॉट नं० 1296, खाता नं० 709 है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम-डुमरी में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केंद्र हेतु भवन का निर्माण कर डॉक्टरों को पदस्थापित कर सुचारू रूप से स्वास्थ्य केंद्र चलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य उप-केंद्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराना

*683. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत चान्दन प्रखंड के पश्चिमी कटसकरा पंचायत में स्वास्थ्य उप-केंद्र का निर्माण किया जाना है, जिसके लिए वर्ष 2025 में ही विभागीय टेंडर हो चुका है, परन्तु अबतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में पंचायत, जो घनी आबादी वाला इलाका है के मरीजों को स्वास्थ्य उप-केंद्र के अभाव में इलाज के लिए आज भी 6-7 कि०मी० दूर अवस्थित दूसरे पंचायतों में जाना पड़ता है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित पंचायत में स्वास्थ्य उप-केंद्र निर्माण कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों है ;

-------------

ट्रांसफार्मर बदलना

*684. श्री बैद्यनाथ प्रसाद (क्षेत्र संख्या-23 रीगा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रीगा, सुप्पी एवं बैरगनिया प्रखंड में Agriculture Feeder के अधिकांश Transformer या तो जले हुए हैं या खराब पड़े हुए हैं, जिसके कारण विद्युत आपूति सुचारू रूप से नहीं पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक Agriculture Feeder के बंद पड़े Transformer को बदलने अथवा मरम्मत कर नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रॉमा सेंटर का स्थापना

*685. श्री मनोज विश्वास (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र भारत-नेपाल सीमा के समीप सड़क दुर्घटनाओं एवं अन्य आपातकालीनं घटनाओं की संख्या अधिक होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि फारबिसगंज में एक भी ट्रॉमा सेंटर नहीं होने के कारण गंभीर मरीजों को अन्य शहरों अथवा नेपाल रेफर करना पड़ता है तथा ट्रॉमा सेंटर के अभाव में समय पर उपचार नहीं मिलने से जनहानि की संभावना बढ़ जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार फारबिसगंज में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना यथाशीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जर्जर तारों को बदलना

*686. श्री संजय कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-03 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अन्तर्गत नरकटियागंज विधान सभा क्षेत्र के हरदीटेडा, परोरहा, गोंखुला एवं अन्य स्थानों पर विद्युत तारों एवं बुनियादी ढांचे की स्थिति अत्यंत जर्जर है तथा लगभग 4-5 वर्ष पूर्व लगाये गये कम क्षमता वाले कवर्ड केबल वर्तमान में खराब अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपभोक्ताओं एवं विद्युत भार में वृद्धि के कारण उक्त केबल बढ़े हुये लोड को वहन नहीं कर पा रहे हैं, जिससे बार-बार फॉल्ट, तार टूटने, बिजली कटौती एवं लो-वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में नरकटियागंज विधान सभा क्षेत्र उक्त स्थानों में उच्च क्षमता वाले नये कवर्ड केबल लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*687. श्री अभिषेक रंजन (क्षेत्र संख्या-7 चनपटिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि चनपटिया विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विद्युत् पोल एवं तार की कमी के कारण ग्रामीण बांस-बल्ले के सहारे विद्युत् आपूर्ति करने को विवश हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि अधिकांश गांवों में विद्युत् तार जर्जर हो चुके हैं, जिससे विशेषकर वर्षा एवं तेज हवा से तार टूटने तथा विद्युत् दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि पोल एवं तार की उपलब्धता नहीं होने का हवाला देकर विद्युत् विभाग द्वारा आवश्यक मरम्मती एवं नये पोल-तार लगाने का कार्य नहीं किया जा रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रभावित गांवों में आवश्यक नये विद्युत् पोल एवं तार उपलब्ध कराकर जर्जर तारों को बदलने तथा सुरक्षित विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु शीघ्र कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कृषि ट्रांसफॉर्मर लगवाना

*688. श्री उपेन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिलान्तर्गत गुरारू प्रखण्ड के पंचायत मालपा ग्राम-पथरा एवं तरौची सहित गुरूआ विधान सभा क्षेत्र के अनेक गांव में कृषि ट्रांसफॉर्मर नहीं है, जिससे किसानों को सिंचाई हेतु कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कृषि ट्रांसफॉर्मर से वंचित गांव में कृषि ट्रांसफॉर्मर कबतक लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*689. मो० तौसीफ आलम (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखण्ड स्थित एम०एस० क्लीनिक नेवा नर्सिंग होम एवं रॉयल क्लीनिक जो एल०आर०पी० रोड, बहादुरगंज तथा माँ अल्ट्रसाउण्ड, रजिस्ट्री कार्यालय के पास और डॉ० कलवा क्लीनिक, जो कॉलेज चौक, लौचा रोड स्थित सरकार से निबंधित नहीं है एवं अवैध ढंग से संचालित हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नर्सिंग होम में कई मरीजों की मृत्यु भी हो गयी है जिसमें सिविल सर्जन, किशनगंज सहित अन्य वरीय पदाधिकारी भी संलिप्त हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अवैध नर्सिंग होम की जाँच कराते हुये कार्रवाई के साथ संलिप्त पदाधिकारी पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बिजली पहुंचाना

*690. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, हर गाँव में सभी किसानों के बोंरिंग पर बिजली पहुंचाई जाये, जिससे किसान अपनी खेती कर सकें, जो अभीतक पूरा नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार एवं सोनबरसा प्रखंड अन्तर्गत लक्ष्मीपुर, नरफोड़ा, गम्हरिया डाम्ही, सहसराय, विशनपुर, मानिकपुर, मुशहरनियां, दलकावा, इन्दरवा, नरकटिया, दोसतीया, मढ़िया जैसे पचासों गांवों में किसानों के बोंरिंग पर बिजली नहीं दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला के परिहार एवं सोनबरसा प्रखंड के सभी गांवों सहित सभी छूटे हुये गांवों में किसानों के बोंरिंग पर बिजली पहुंचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उप-केन्द्र स्थापित करना

*691. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखण्ड के रामपुर अचैली पंचायत के ग्राम-कोइला में लो-भोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो गयी है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त ग्राम में विद्युत उप-केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*692. श्री अरूण कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-96 बरूराज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखण्ड के पट्टी असवारी एवं जसौली पंचायत में 16 के०वी० का ट्रांसफॉर्मर के कारण कम वोल्टेज, बार-बार फ्यूज जलना तथा बांस के सहारे पंचायतों में बिजली की आपूर्ति हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों में बिजली की आपूर्ति जर्जर तार के सहारे हो रहा है तथा बार-बार तार टूटने की समस्या बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में पोल, तार एवं 100 के०वी० का ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

मुआवजा देना

*693. श्री बशिष्ठ सिंह (क्षेत्र संख्या-209 करगहर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत प्रखंड करगहर के ग्राम-अकोढ़ी, बाउर, घोरडीहा, प्रखंड कोचस के ग्राम-कुछिला, उबधी एवं मैनपुरा तथा प्रखंड शिवसागर के ग्राम-सिलारी एवं औरैया के किसानों का गेंहू का फसल आग लगने से खेत में जल गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त गांव के प्रभावित किसानों को सरकार के नियमानुसार अभीतक अनुदान नहीं मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आग लगने से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये देना

*694. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युतीय स्पर्शाघात से हुयी मृत्यु के उपरांत विभाग, पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये सहायता राशि प्रदान करती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह राशि घर के अन्दर या घर के बाहर विद्युतीय स्पर्शाघात होने पर मृतक के परिवार को विभाग द्वारा कोई सहायता राशि प्रदान नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार घर के अन्दर या बाहर विद्युतीय स्पर्शाघात से मृतक पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------------

कार्रवाई करना

*695. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि DMCH दरंभगा के न्यू सर्जिकल भवन और सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में करोड़ों की लागत से दो अत्याधुनिक लॉन्ड्री यूनिट होने के बावजूद 15 मई, 2025 से कपड़ों की धुलाई पटना की निजी एजेंसी से करायी जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि DMCH में स्थानीय एजेंसी से धुलाई कराने पर पहले प्रतिमाह रु० 8-10 लाख खर्च होते थे, जो अब पटना की एजेंसी को देने पर बढ़कर रु० 50-55 लाख प्रतिमाह हो गये है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मरीजों के हित और सरकारी राशि के दुरूपयोग को रोकने के लिये इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जाँच कराने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विशेष योजना लागू करना

*696. डॉ० प्रकाश चंद्र (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिले के ओबरा प्रखंड अन्तर्गत रतनपुर पंचायत के मनौरा ग्राम स्थित भगवान बुद्ध से संबंधित पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक स्थल धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के वाबजूद अबतक इसके संरक्षण, विकास एवं पर्यटन अवसंरचना के लिये कोई समग्र कार्य योजना लागू नहीं की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संपर्क पथ, पार्किंग, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, सूचना केन्द्र एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के अभाव में इस स्थल की पर्यटन क्षमता का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस स्थल को बौद्ध पर्यटन परिपथ से जोड़कर आधारभूत सुविधाओं के विकास, संरक्षण एवं स्थानीय युवाओं के लिये पर्यटन आधारित रोजगार सृजन की विशेष योजना लागू करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पोल को सड़क किनारे स्थानांतरित करना

*697. श्री सुभाष सिंह (क्षेत्र संख्या-101 गोपालगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के गोपालगंज नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड नं० 03 लखपतिया मोड़ से बरईटोला होकर साधू चौक जाने वाली सड़क के मध्य 10 विद्युत पोल अवस्थित है जिससे अवागमन प्रभावित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज नगर परिषद् क्षेत्र में यादवपुर रोड में यादवपुर चौक से लखपतिया मोड़ तक पथ में 15 विद्युत पोल वो ट्रांसफॉर्मर सड़क के मध्य है जिससे उक्त सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सड़क के मध्य पड़ने वाली उक्त विद्युत पोल को सड़क किनारे स्थानांतरित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य केंद्रों की उच्चस्तरीय जाँच करना

*698. श्रीमती कोमल सिंह (क्षेत्र संख्या-88 गायघाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के गायघाट प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आशा वर्करों के रहने एवं बैठने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है, साथ ही उनको मानदेय ससमय नहीं दिया जाता है, यदि हाँ, तो सरकार गायघाट स्वास्थ्य केंद्रों की उच्चस्तरीय जाँच कराकर शीघ्र सुव्यवस्थित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रॉमा सेंटर का स्थापना

*699. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय राज्य का एक प्रमुख औद्योगिक जिला है जहाँ राष्ट्रीय राजमार्ग 31 सहित अन्य प्रमुख सड़कों का जाल होने के बावजूद अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले में ट्रॉमा सेंटर नहीं होने के कारण उक्त सड़क पर प्रतिदिन भारी वाहनों एवं आम नागरिकों का अत्यधिक आवागमन के कारण आये दिन दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल मरीजों को समय पर समुचित उपचार नहीं मिल पाता है तथा उन्हें पटना रेफर करना पड़ता है, जिससे कई मामलों में मरीजों की मृत्यु तक हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेगूसराय के औद्योगिक महत्व, राष्ट्रीय राजमार्ग पर बढ़ते यातायात को दृष्टिगत रखते हुए जिले में अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर की स्थापना कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सब-स्टेशन का स्थापना

*700. श्री नितेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के विद्युत आपूर्ति प्रमंडल (पश्चिम) में तीन 133/33 KV ग्रिड सब-स्टेशन स्थापित हैं जबकि विद्युत आपूर्ति प्रमंडल (पूर्व) में एक भी 133/33 KV ग्रिड सब-स्टेशन नहीं है, जिसके कारण पूर्वी प्रमंडल के 15 विद्युत उप-केंद्रों को अन्य प्रमंडलों से विद्युत आपूर्ति करनी पड़ती है, जिससे कसबा विधान सभा क्षेत्र सहित पूर्वी प्रमंडल के उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पूर्णियाँ जिला के विद्युत आपूर्ति प्रमंडल (पूर्व) अंतर्गत कसबा क्षेत्र में 133/33 KV ग्रिड सब-स्टेशन की स्थापना कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*701. श्री शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-97 पारू)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत पारू विधान सभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में लंबे समय से 16 KVA ट्रांसफॉर्मर जले हुए हैं, विशेषकर ग्राम-गोपीनाथपुर दोकड़ा, लालू छपरा, बाजितपुर, मंगुराहिया में स्थित 16 KVA का ट्रांसफॉर्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त है तथा वर्तमान में भीषण गर्मी एवं गंभीर बिजली संकट के बावजूद प्रबंध निदेशक, बी०एच०पी०सी०, बिहार को पत्राचार (पत्रांक MLAP/110/26) करने पर भी अबतक इस दिशा में कोई ठोस विभागीय कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे स्थानीय जनता और स्कूली बच्चों को अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में उक्त सभी गांवों में अविलंब उच्च क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

किशनदासपुर उप-स्वास्थ्य केंद्रों की बदहाली एवं विभागीय जाँच के संबंध में

*702. श्री मुरारी पासवान (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के पीरपैंती विधान सभा क्षेत्र संख्या 154 के अन्तर्गत किशनदासपुर पंचायत के ग्राम-शुब्बा टोला स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण के वर्षों खराब भी अधूरा है और अंतीचक स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र जर्जर स्थिति में है और रोगी वाहन (एम्बुलेंस) नहीं रहने के कारण आमजनों को भारी परेशानी हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि किसनदासपुर पंचायत स्थित उक्त केंद्र के निर्माण कार्य 10 वर्ष पूर्व में आरंभ की गई है जो अभी छिन-भिन्न हो गिर रहा है, साथ ही अंतीचक उप-स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली के साथ रोगी वाहन (एम्बुलेंस) की कमी से आमजनता गंभीर कठिनाई और हादसों के साये में जीने को मजबूर हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों केन्द्र विभागीय जाँच करने हेतु दोषियों पर आवश्यक कार्यवाही के साथ सभी उप-स्वास्थ्य केन्द्र की जीर्णोद्धार कराने सहित रोगी वाहन (एम्बुलेंस) उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रॉमा सेंटर तथा ब्लड बैंक खोलना

*703. मो० गुलाम सरवर (क्षेत्र संख्या-57 बायसी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत बायसी एवं डगरुआ प्रखंडों के बीचों-बीच से व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग (NH 31) गुजरता है, जिस कारण इस क्षेत्र में अक्सर गंभीर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दुर्घटनाग्रस्त गंभीर मरीजों को आपातकालीन चिकित्सा के लिए उक्त दोनों प्रखंडों के प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में लाया जाता है, जहाँ विशेषज्ञ डॉक्टरों, आधुनिक उपकरणों एवं ब्लड बैंक की कमी के कारण समय पर इलाज नहीं मिल पाता है और मरीजों को पूर्णियाँ सदर अस्पताल रेफर करना पड़ता है, जिससे रास्ते में ही कई लोगों की जान चली जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बायसी एवं डगरुआ प्रखंडों में ट्रॉमा सेंटर (Trauma Centre) तथा ब्लड बैंक (Blood Bank) खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*704. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां (अ०जा०))--क्या मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बोचहां विधान सभा क्षेत्र के बोचहां एवं मुशहरी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों एवं गांवों में नए/अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मरों की स्थापना, जले हुए ट्रांसफॉर्मरों के प्रतिस्थापन तथा विद्युत पोल, तार एवं अन्य आवश्यक सामग्री के आवंटन हेतु प्रश्नकर्ता के पत्रांक Res/273/26, दिनांक 04 जून, 2026 द्वारा उत्तर बिहार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (NBPDCL) के प्रबंध निदेशक को विस्तृत विवरण संलग्न करते हुए लिखा गया परंतु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है जबकि माननीय सदस्य द्वारा भेजे गए पत्र पर कार्रवाई कर एक माह के अंदर कृत कार्रवाई की सूचना देनी है, यदि हाँ, तो सरकार प्रश्नकर्ता के पत्र के आलोक में प्रावधानानुसार ससमय प्रत्युत्तर नहीं देने वाले दोषी पदाधिकारी पर कौन-से कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*705. श्री केदार नाथ सिंह (क्षेत्र संख्या-115 बनियापुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड अन्तर्गत भोजपुर पंचायत में पैरवाखुड़ी गाँव, वार्ड नं० 10 में तार जर्जर रहने के कारण ग्रामीणों को विद्युत लाभ लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित पंचायत में तार एवं ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उप-केन्द्र स्थापित करना

*706. श्री भरत बिन्द (क्षेत्र संख्या-205 भभुआ)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत भभुआ प्रखंड के रूपपुर पंचायत के हरिहरपुर गांव के समीप विद्युत उप-केन्द्र नहीं होने से दर्जनों गांव ऊर्जा संकट का शिकार हो रहे हैं तथा आमजन आवश्यक कार्य से वंचित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार भभुआ प्रखंड के रूपपुर पंचायत के हरिहरपुर गांव के पास विद्युत उप-केन्द्र स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पोखर का सौंदर्यीकरण

*707. श्री अतिरेक कुमार (क्षेत्र संख्या-78 कुशेश्वरस्थान (अ०जा०))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत कुशेश्वरस्थान प्रखंड के शिवगंगा पोखर में सालों भर जल भरा रहता है तथा पर्यटन की दृष्टि से काफी उपयुक्त है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पोखर को पर्यटन के हिसाब से सौंदर्यीकरण तथा नौका विहार कराने योग्य बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रतिनियुक्ति करना

*708. मो० सरवर आलम (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत कोचाधामन विधान सभा क्षेत्र में बिजली के तार जर्जर इंसुलेटर कमजोर, 55 सिंगल फेज ट्रांसफॉर्मर और 1500 एग्रीकल्चर पोल लगे होने के बावजूद उनकी वायरिंग अधर में लटकी है और सिंगल फेज वायरिंग होने से क्षेत्र के उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र पंचायतों में सुचारू विद्युत आपूर्ति और आपातकालीन फॉल्ट को ठीक करने हेतु तकनीकी मानव बल की कमी है, जिससे हल्की आंधी या बारिश होने पर बिजली बाधित रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर तारों व कमजोर इंसुलेटरों को बदलने, सिंगल फेज व्यवस्था को थ्री-फेज में अपग्रेड करने तथा फॉल्ट को तुरंत दुरुस्त करने के लिए पर्याप्त मानव बल की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जर्जर तार बदलना

*709. श्री रामेश्वर कुमार महतो (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड के रसलपुर पंचायत के ग्राम-बनटोलवा के वार्ड नं० 07 में पुल के ऊपर से 11 हजार वोल्ट का तार गुजरता है जो कम ऊँचाई पर है, साथ ही तार विगत दो वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार पुल के ऊपर के पोल की ऊँचाई बढ़ाने एवं जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्यवाई कराना

*710. श्री उदय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के शेरघाटी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत आमस प्रखंड के करमडीह पंचायत के पहाड़ की तराई में बसा प्राचीन चण्डी माता का मंदिर है जो 160 वर्ष पुराना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त चण्डी माता के मंदिर में दुर्गा पूजा के अवसर पर मेला का आयोजन होता हे, जिसमें लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिये आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गयाजी जिला के आमस प्रखंड के करमडीह पंचायत के पहाड़ की तराई में बसा प्राचीन चण्डी माता की मंदिर को सौंदर्यीकरण करते हुये पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नए ट्रांसफॉर्मर व जर्जर तारों को बदलने

*711. श्री त्रिविक्रम नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद विधान सभा क्षेत्र में कृषि फीडरों में अपर्याप्त बिजली आपूर्ति से सिंचाई बाधित है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के खंभे (Poles) सही जगहों पर न होकर खेतों/वृक्षों के बीच या असुरक्षित स्थानों पर खड़े है जिससे बार-बार ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती है तथा गुणवत्तापूर्ण विद्युत पोल एवं कम क्षमता के ट्रांसफॉर्मर के कारण लगातार लो-वोल्टेज की गंभीर समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति हेतु, खंभों को तकनीकी रूप से सही व सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने तथा उच्च गुणवत्तायुक्त नये ट्रांसफॉर्मर व जर्जर तारों को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधाएँ विकसित करना

*712. श्री रूहेल रंजन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिले के तेलहाड़ा स्थित संग्रहालय भवन का निर्माण काफी समय पूर्व पूर्ण हो चुका है, किन्तु आजतक इसे आमजनता एवं पर्यटकों के लिये संचालित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक संग्रहालय को प्रारंभ करने आवश्यक कर्मियों की नियुक्ति करने तथा तेलहाड़ा आने वाले पर्यटकों के लिये पेयजल, शौचालय, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था, सूचना केन्द्र एवं अन्य मूलभूत पर्यटन सुविधाएँ विकसित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापना करना

*713. श्रीमती अश्वमेध देवी (क्षेत्र संख्या-133 समस्तीपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर सदर अस्पताल में हृदय रोग (कार्डियोलॉजी), अस्थि रोग (ऑर्थोपेडिक्स) एवं तंत्रिका रोग (न्यूरोलॉजी) के विशेषा चिकित्सकों, आवश्यक उपकरणों एवं समुचित उपचार की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण जिले के मरीजों को उपचार हेतु पटना एवं अन्य बड़े शहरों में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार समस्तीपुर सदर अस्पताल में इन तीनों विभागों की स्थापना, विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना तथा आवश्यक उपकरणों एवं संसाधनों की उपलब्धता कबतक सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*714. श्रीमती मनोरमा देवी (क्षेत्र संख्या-232 बेलागंज)--क्या मंत्री,ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार किसानों को पटवन हेतु निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिये अलग कृषि फीडर से विद्युत आपूर्ति कर रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अंतर्गत बेलागंज विधान सभा क्षेत्र के रैना एवं कोरियावाँ पंचायत सहित पूरे बेलागंज विधान सभा क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को ट्रासफॉर्मर के अभाव में कृषि विद्युत कनेक्शन नहीं मिल रहा है, जिसके किसानों को पटवन में काफी कठिनाई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसान हित में बेलागंज विधान सभा क्षेत्र के किसानों की लंबित आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुये नये ट्रांसफॉर्मर लगाकर किसानों को कृषि विद्युत् कनेक्शन शीघ्र देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सेवाएँ सुनिश्चित करना

*715. श्री आसिफ अहमद (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी विधान सभा क्षेत्र के बिस्फी एवं रहिका प्रखंड के सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक चिकित्सा उपकरण,. आधारभूत सुविधाओं, जीवनरक्षक दवाओं, एंटी स्नेक वेनम, एंटी रेबीज वैक्सीन तथा एम्बुलेंस सेवाओं का अभाव है, जिससे आम-जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में भवन मरम्मत, बाउंड्री वॉल, विद्युत् एवं पेयजल जैसी आधारभूत सुविधाएँ भी पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक चिकित्सा उपकरण, भवन मरम्मत, बाउंड्री वॉल, विद्युत एवं पेयजल सुविधाएँ, एंटी स्नेक वेनम, एंटी रेबीज वैक्सीन सहित आवश्यक दवाओं की नियमित उपलब्धता तथा पर्याप्त एम्बुलेंस सेवाएं सुनिश्चित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ब्लड बैंक एवं अन्य व्यवस्था

*716. श्री बाबुलाल शौर्य (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि परबत्ता विधान सभा के गोगरी रेफरल अस्पताल में ब्लड बैंक, अल्ट्रासाउंड, पोस्टमार्टम रूम एवं मृत शरीर को रखने हेतु AC- युक्त Morgue रूम नहीं होने के कारण लोगों को काफी असुविधा होती है एवं न्यायिक जांच में भी मृत शरीर के सही रख-रखाव नहीं होने के कारण असर पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक गोगरी रेफरल अस्पताल के ब्लड बैंक, अल्ट्रासाउंड, पोस्टमार्टम रूम एवं मृत शरीर को रखने हेतु AC- युक्त Morgue रूम की व्यवस्था करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्यवाई कराना

*717. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ग्राम-करबा प्रखंड पटोरी, थाना-हलई निवासी आदर्श कुमार, पिता वीरचन्द कुमार की मृत्यु दिनांक 19 मई, 2026 को विषैला सांप के काटने से हो गयी थी, जिसका हलई थाना में कांड 04/26, दिनांक 23 मई, 2026 दर्ज है किन्तु मृतक के परिवार को अभीतक सरकारी मुआवजा नहीं मिलने से उनके सामने वित्तीय कठिनाई उत्पन्न हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपरोक्त मृतक के परिवार को सरकारी मुआवजा राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चिकित्सक बहाल कराना

*718. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखंड कुचायकोट में करीब 1.30 करोड़ रुपये के लागत से निर्मित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, राजापुर का उद्घाटन दिनांक 19 मई, 2025 को हुआ था जो कि अधिकांश समय बंद रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द्र में सिर्फ कागज पर एक आयुष चिकित्सक, एक ए0एन0एम0 बहाल है जो कि केवल टीकाकरण अभियान के दौरान ही रहते हैं, जिस कारण स्थानीय ग्रामीणों को मामूली इलाज, मरहम पट्टी और प्राथमिक चिकित्सा के लिये 10-12 कि0मी0 दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुचायकोट जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त केन्द्र में चिकित्सक बहाल कर नियमित रूप से संचालित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

परीक्षा यथाशीघ्र आयोजित करना

*719. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना द्वारा दो वर्षीय सत्र-2024-26 में एम0एस0सी0 नर्सिंग में नामांकित छात्रों के प्रथम वर्ष की परीक्षा हेतु उक्त विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएँ ससमय परीक्षा का आयोजन कराने हेतु सचिव स्वास्थ्य विभाग, पटना तथा कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय को 4 माह पूर्व आवेदन दिये थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के आवेदन पर सचिव स्वास्थ्य विभाग, बिहार, सरकार ने प्रथम वर्ष की परीक्षा मार्च, 2026 के अंतिम सप्ताह में आयोजित कराने का भरोसा उक्त छात्रों को दिया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (2) के आलोक में उक्त विश्वविद्यालय के एम0एस0सी नर्सिंग का प्रथम वर्ष की परीक्षा यथाशीघ्र आयोजित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मेन्युफेक्चरिंग से दवा

*720. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार एजेंसी, दवा मेन्युफेक्चरिंग या दवा बनाने वाली कम्पनी से सीधे दवा क्रय करने पर खरीद के मद में 75% सरकारी Revenue की बचत है, यदि हाँ, तो सरकार मेन्युफेक्चरिंग से सीधे दवा खरीदने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा का भुगतान

*721. श्रीमती छोटी कुमारी (क्षेत्र संख्या-118 छपरा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के विभिन्न जिलों, विशेषकर सारण (छपरा) जिले में सामान्य से कम वर्षा कोने के कारण सूखा जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे किसानों की खेती एवं आजीविका प्रभावित हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा कम वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर उन्हें आपदा प्रभावित घोषित करने तथा प्रभावित किसानों को आपदा राहत एवं मुआवजा प्रदान करने की योजना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सारण (छपरा) जिले में सर्वेक्षण, राहत वितरण एवं मुआवजे का भुगतान का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पटना:
दिनांक 24 जुलाई, 2026 (ई०) ।

पूनम सिन्हा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

बि०स०मु० 76 (एल०ए०) 2026-27- डी०टी०पी०-600

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2026